# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

शुभ दीपावली



STARSHINE®

QUALITY THAT MATTERS

**Pathake ki warranty**

**mangane se bhi nahi milegi !**




**STARSHINE products par**

**maximum warranty milegi**

**दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं**

ATUL

**Authorised Distributer : C & F BALAJI ENTERPRISES 9658456856**

**DEALER** | **RAIPUR:** Suraj Electronics 90390 04900, Lavkush Enterprises 9993844338, VandanaElectronics 9826366141,9589555555,Rahul Patra Bhandar 8889999489,Fun Music 9300414948, Friends Electronics 7771029557, Balaji Electro World 9407926022, Delux Marketing 8120059000, 9981475490, Harshu Enterprises 9009988999, Kanha Electronics and Furniture 8917433139, Manoj Enterprises Tikarapara 9827138677, Nishad TV Urla 9685017462, Shree Amit Sales 9827115640, Sindh Execlusive 9039094900, Zee Electronics 9425506003 I **RAJIM:**Shailesh Electronics 9302416494, Maa Kara Electronics 98265 08703, Himalaya Electronics 9826642526 I **ABHANPUR:**Bhairunath Electronics 9893701415 I **AARANG:** Deeksha Electronics 9977258421 I **MANDIRHASAUD:** Ravindra Electronics 9329467124 I **BHILAI:** Sawlani Traders 9993914000, Parakh Brothers 8319216002, Jagsons Enterprises: 7000790769, Naresh Enterprises 9425241414 I **DONGARGARH:**Bindal Electronics 7697978787 , Kesarwani Marketing 9425569228 I **DONGARGAON :** Chamma Electronics 9993399266 I **SARAIPALI :**Shree Electricals & Electronics 9691847410, Bhawani Electricals 9425202829 I **GARIYABAND:**Raza Traders 9981048601 I **PAKHANJORE:** Rajesh Electronics 6266221051 I **BANDE:** Sukendra Radio 9425599637 I **SIMGA :**Arun Electronics 8889866868 I **BALODABAZAR:**Kiran Furnitures & Electronics 9826145234, 9039736400I **SHEORINARAYAN:** Kesarwani Enterprises 9406085396 I **BANDHABAZAAR :** Thakkar Electronics 7999446799 I **PANDATARAI:** Shivam Mobile 9893424318 I **CHHURIYA :** Arihant Enterprises 9424238072 I **MAHASAMUND:** Kishore Radio 9302713300, Ashirvad Mobile 8959582001, Om mill and Store Bhandar 9926161616N I **BEMETARA:** J.S. Furniture 9993785719, Saluja Furniture 9685230050, Suresh TV and Enterprises 9981738385, Mohta Furniture & Electronics 9752035466, Arora Radio 9993785719 ,9425561359 I **KESHKAL:** Muskan Metal and Gift Corner 9893193992 I **NARAYANPUR:** Sidharth Electronics 7587809000, Raj Furniture 9424286760 I **BHANUPRATAPPUR:** Radio Corner 9424123811, Santoshi Electronics 9425593449 I **BIJAPUR:** Sanjay Trading Company 9425226664, Gupta Furniture Mart 9399260894 I **GANDAI:** Uttam Enterprises 9993250248 I **SUKMA:** Arihant Markating 7587883211, New Maheshwari Electronics 9406468000, Maheshwari Electrical 9406183540 I **KORAR:** Jagdamba Electronics 6260120137 I **DHAMTARI:** National Electronics 9770641677,Shree Electronics 9827113968,Ganpati Electronics & Electricals 9893317310 I **CHUIKHADAN:** Sony Electronic 8120872391, Dewangan Electronics 9399684041 I **SARIYA:** Munna ELECTRONICS 9752903139 I **JALBANDHA:** Om Electronics 9669056131, Isha Trading 8770048622 I **BHATAPARA:** Prakash Modi & Company 9826119411, Agarwal Sales 9039812354, Manoj Enterprises 8103413475, Verma Sales 8109569000 I **BERLA :** Vandana Electronic 7694069502, Deepak Cycle Store 9425562544 I **AHIWARA:** Mamta TV 7000767957 I **DHAMTARI:**Chitra Palace 91 8654806336 I **PATAN:**Shubham Enterprises 9977559869 I **RANITARAI:** Anil Enterprise9993241891, 7999076186, Neha Electronics 9752024691 I **RAJNANDGAON:** Shree Hari Om Electronic 9827107557, SK Furniture 7000727822, Bagadi Enterprises 9165666766, Lalani Platinum Radio Stores 9329107074 I **BODLA :** Shri Ram Furnitures 7869352888 I **KAWARDHA :** Gupta Electronic 9981650000, Lunia 8349191000


छत्तीसगढ़ शासन
दीपोत्सव एवं
छत्तीसगढ़
राज्य स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 24 वर्ष
सशक्त नेतृत्व से प्रगति का स्वर्णिम युग
हर घर में खुशियों के दीप जले
और प्रगति की यह यात्रा निरंतर जारी रहे
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## श्रीराम की अवधपुरी वापसी के प्रतीक दिवाली के उत्सव में डूबी अयोध्या







### भव्य दिवाली

पूरी अयोध्या नगरी का दुल्हन की तरह किया गया श्रृंगार

- **500** सालों में पहली बार भगवान राम अयोध्या मंदिर में
- **50** क्विंटल फूलों से सजा राम मंदिर
- **28** लाख दीपों से जगमग हुए 55 घाट
- **92** हजार लीटर सरसों का तेल उपयोग
- **30** हजार स्वयंसेवकों ने संभाली जिम्मेदारी
- **40** विशाल एलईडी स्क्रीन लगाए गए

*देश में दिवाली है। पूरे भारतवर्ष का कोना-कोना चमक रहा है। झालरें, झूमरें, दीये, रंगोली, फूल मालाएं, पुष्प लड़ियां... घरों में चार चांद लगा रही हैं। गली-कूचे रोशन हैं। चप्पा-चप्पा चमक रहा है। वहीं, प्रभु श्रीराम का धाम अयोध्या बुधवार की शाम जगमगा उठा। कहीं लेजर लाइट्स के अद्भुत नजारे, तो कहीं मनमोहक रंगोलियां... अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद ये पहला दीपोत्सव ऐतिहासिक रहा। 25 लाख दीयों से अयोध्या जगमग हुई। इसके साथ सरयू तट पर नया रिकॉर्ड बन गया।*

## 25 लाख दीयों से जगमग हुई अयोध्या, सरयू तट पर बना नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को उस समय उत्सव के माहौल में सराबोर हो गई, जब आठवें दीपोत्सव समारोह के तहत रामायण के पात्रों की जीवंत झांकियों के साथ एक जुलूस मंदिर नगरी से गुजरा। नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद राम नगरी में पहली बार दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम के सीता और लक्ष्मण हनुमान और अन्य लोगों के साथ 'पुष्पक विमान' (हेलीकॉप्टर) से अयोध्या पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य ने उनका स्वागत किया। भगवान राम के रथ को मुख्यमंत्री और अन्य लोगों ने राम दरबार स्थल तक खींचकर पहुंचाया। आदित्यनाथ ने बाद में उनकी आरती उतारी। बुधवार को शहर में उत्सव का माहौल रहा। छोटी दीपावली के अवसर पर अयोध्या में बुधवार को भव्य दीपोत्सव समारोह के तहत झांकियों की एक शोभायात्रा निकाली गई।

### पुष्पक विमान से पहुंचे श्रीराम

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भव्य दीपोत्सव समारोह से पहले अयोध्या पहुंचे श्रीराम, सीता और लक्ष्मण का स्वागत किया। श्री राम के सीता और लक्ष्मण हनुमान और अन्य लोगों के साथ 'पुष्पक विमान' (हेलीकॉप्टर) से अयोध्या पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य ने उनका स्वागत किया। भगवान राम के रथ को मुख्यमंत्री और अन्य लोगों ने राम दरबार स्थल तक खींचकर पहुंचाया। आदित्यनाथ ने बाद में उनकी आरती उतारी। बुधवार को शहर में उत्सव का माहौल रहा।*

### छह देशों के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार में अयोध्या में यह आठवां दीपोत्सव कार्यक्रम हुआ। सरकार ने घाटों पर पांच से छह हजार लोगों की मेजबानी की व्यवस्था की। इस कार्यक्रम में छह देश म्यांमा, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया और इंडोनेशिया के कलाकार ने भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाने के लिए 40 विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। दीपोत्सव का उद्देश्य धार्मिक नगरी के आध्यात्मिक, पारंपरिक और सांस्कृतिक सार को प्रदर्शित करना है।*

### दीपोत्सव की शुभकामनाएं

*दीपोत्सव के पावन पर्व पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

### अवकाश

*इस अवसर पर 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 3 नवंबर रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*-प्रधान संपादक*

### खबर संक्षेप

#### एक करोड़ की कोकीन जब्त अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने 1.02 करोड़ रुपए की कोकीन जब्त की है। इस मामले अफ्रीका के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। नवी मुंबई पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के दल ने 'फ्लैट' पर छापा मारा। दल ने पश्चिमी अफ्रीका के गिनी के 35 वर्षीय एक निवासी के पास से 412 ग्राम कोकीन जब्त की। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

*सुलझे भारत-चीन के रिश्ते जल्द शुरू होगी नियमित गश्त*

# भारत-चीन सरहद पर दिवाली, सेनाएं हटीं, चीनी जवानों को खिलाएंगे मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*भारत और चीन के बीच 2020 से शुरू हुआ विवाद आखिरकार सुलझ गया। सेना के सूत्रों के अनुसार तय समय-सीमा के अनुसार, भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में तनाव कम करने का काम पूरा कर लिया है। इस क्षेत्र में जल्द ही गश्त शुरू हो जाएगी। वहीं इस रिश्ते की बेहतर शुरुआत को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को दिवाली के अवसर पर चीनी पक्ष के सैनिकों के साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया जाएगा।*

भारतीय सेना के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी साझा की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारत में चीनी राजदूत जू फेहोंग ने कहा कि दोनों देशों ने आपसी सहमति से मुद्दे को सुलझाया है। उन्होंने कहा, हम आपसी सहमति के बिंदु पर पहुंच गए हैं। पड़ोसी होने के नाते, हमारे बीच कुछ मुद्दे होंगे, लेकिन राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (पिछले सप्ताह रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान) के बीच बैठक के बाद दोनों देश संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। हम जल्द ही भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करेंगे। वहीं, सेना सूत्रों ने पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पर कहा कि, स्थानीय कमांडर स्तर पर वार्ता जारी रहेगी। फिलहाल पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी हो गई है। इसके बाद पूर्वी लद्दाख के डेमचोक, देपसांग में जल्द ही गश्त शुरू होगी।



**पीएम मोदी और जिनपिंग के बीच हुई बातचीत से निकला समाधान**

*भारत और चीन के बीच हुए इस अहम समझौते के बाद दोनों देशों ने दो अक्टूबर को पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचौक में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू की थी। पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत के बाद से पूर्वी लद्दाक में एलएसी पर डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया का मतलब सैनिकों की वापसी से होता है।*

### चीन और भारत के बीच समझौते में क्या कुछ हुआ था तय?

भारत और चीन के बीच 21 अक्टूबर 2024 के बीच हुए समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर अप्रैल 2020 की स्थिति बहाल करने के लिए दोनों देश राजी हो गए। इस समझौते के बाद अब चीन की सेना उन इलाकों से पीछे हटेगी जहां उसने अतिक्रमण किया था। इस समझौते को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिस्त्री ने बताया था कि सीमा से लगने वाले इलाकों में पेट्रोलिंग के साथ 2020 के बाद उठे मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### भारत-चीन के बीच क्या रहा है सीमा विवाद?

पूर्वी लद्दाख में सात ऐसे पॉइंट हैं, जहां चीन के साथ टकराव की स्थिति रहती है। ये हैं पेट्रोलिंग पॉइंट 14 यानी गलवान, 15 यानी हॉट स्प्रिंग, 17A यानी गोगरा, पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण छोर, डेपसांग प्लेन और डेमचॉक में चारदिंग नाला हैं, जहां तनाव रहता है।अप्रैल 2020 में चीन ने एक सैन्य अभ्यास के बाद पूर्वी लद्दाख के 6 इलाकों में अतिक्रमण किया था। 2022 तक चार इलाकों से चीन की सेना पीछे हट गई। दौलत बेग ओल्डी और डेमचॉक पर भारतीय सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दी जा रही थी। अप्रैल 2020 से पहले सैन्य अभ्यास के नाम पर चीनी सेना हजारों की तादाद में सीमा पर जमा हो गई। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने भी तैनाती की। जून 2020 में गलवान में चीनी सैनिकों और भारतीय जवानों के साथ खूनी झड़प हुई।

# शिववास व प्रीति योग में दिवाली

**संध्याकाल 5 बजकर 36 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 51 मिनट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार दिवाली पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और 1 नवंबर को संध्याकाल 6 बजकर 16 मिनट पर समाप्त

▶▶| शेष पेज 4 पर

### प्रीति योग

कार्तिक अमावस्या यानी दिवाली पर प्रीति योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण प्रातः काल 09 बजकर 52 मिनट से हो रहा है। वहीं, समापन 1 नवंबर को 10 बजकर 41 मिनट पर होगा। ज्योतिष प्रीति योग को शुभ मानते हैं। इस योग में मां लक्ष्मी की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होंगे।

### पंचांग

- सूर्योदय - सुबह 6 बजकर 28 मिनट पर
- सूर्यास्त - शाम 5 बजकर 46 मिनट पर
- चंद्रोदय- सुबह 6 बजकर 9 मिनट पर
- चंद्रास्त- दोपहर 4 बजकर 49 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 4 बजकर 49 मिनट से 5 बजकर 41 मिनट तक
- विजय मुहूर्त - दोपहर 1 बजकर 55 मिनट से 2 बजकर 39 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त - शाम 5 बजकर 36 मिनट से 6 बजकर 2 मिनट तक








हरिभूमि
रायपुर भूमि





# दिवाली पर रोशन हुई राजधानी...

**रायपुर।** रोशनी के पर्व दिवाली पर समूची राजधानी जगमगा उठी..। उत्साह पूर्वक त्योहार मनाने लोगों ने जमकर खरीददारी की और बाजार में आधी रात तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। खासकर शहर के हृदय स्थल से लेकर कोतवाली चौक तक खरीददारों की वजह से जाम की स्थिति बनी रही। दीपों के पर्व पर हर परिवार अपने हिसाब से घरों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को रोशन करता है। लक्ष्मी पूजन के पहली शाम जिसे छोटी दिवाली के रूप में जाना जाता है राजधानी में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। हरिभूमि ने ड्रोन की मदद से रात के अंधेरे में रोशनी से जगमगा रही राजधानी का मनमोहक नजारा कैमरे में कैद किया। कैमरे की नजर जहां तक पहुंची वहां तक केवल हजारों की संख्या में रंग-बिरंगी रोशनी किसी तारामंडल की तरह चमकती हुई नजर आई। विभिन्न मार्गों पर लगी लाइट कई फुट ऊंचाई से रोशनी की राह बनाते प्रतीत होती रही।

## खबर संक्षेप

### 20 किलो गांजा की तस्करी करते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** गोबरा नवापारा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बसस्टैंड के पास एक युवक अपने पास गांजा रखा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ कृष्णा बंजारे निवासी ऊपरपारा अभनपुर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 20 किलोग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी मूलतः ग्राम रोहिना थाना राजिम का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजा उड़ीसा से लाया है, जिसे यहां बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### नशे में वृद्ध से मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने मारपीट के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। विकासनगर निवासी 48 वर्षीय प्रार्थी मानिकराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 अक्टूबर को रात करीब साढ़े सात बजे राजेश ध्रुव नामक व्यक्ति जो शराब के नशे में था, ने बिना कारण उसके साथ विवाद कर गाली-गलौच की। प्रार्थी ने जब उसे मना किया, तो उसने हाथ-मुक्का से मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351-2, 115-1 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 29 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे रावांभाटा के सूखे डेम के पास आरोपी चंद्रीका प्रसाद सेन को 20 पाव देशी शराब के साथ पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी शराब बेचने के लिए रखा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में उसके विरुद्ध धारा 34-1 ब के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मीडियाकर्मी से मोबाइल की लूट

**रायपुर।** राजधानी में मोबाइल लूट की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। बुधवार को एक मीडिया कर्मी भी मोबाइल लूट का शिकार हो गया। घटना पुलिस लाइन शराब दुकान से बूढ़ातालाब जाने वाले रास्ते में रात करीब 9.40 बजे की है। हरिभूमि के फोटोग्राफर एवं रायपुर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष रमन हलवाई घटना के समय अपनी ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही वह पुलिस लाइन गेट से बूढ़ातालाब जाने वाले मार्ग पर शराब दुकान से कुछ दूर पहुंचे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर घर से कॉल आया। बातचीत करने के बाद जब वह मोबाइल को अपनी जेब में रखने लगे, तभी एक वाहन में सवार अज्ञात तीन युवक चलते वाहन से उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। इस घटना के बाद रमन ने उनका कुछ दूर पीछा भी किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए। घटना के बाद रमन ने इसकी लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

## राजधानी में ओड़िशा सहित देवभोग, आरंग और मंदिर हसौद से भी पहुंची टोली

# राउत नाचा के लिए ओडिशा से भी पहुंची टोली, इस बार बाजा 5 हजार तक महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

शहरी क्षेत्र में राउत नाचा की परंपरा को जिंदा रखने के लिए अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं, ओड़िशा से भी इस बार 18 टोलियों ने बूढ़ेश्वर चौक पर दस्तक दी है। इनके आने का क्रम मंगलवार की शाम से ही शुरू हो गया था। बुधवार को वे राउत नाचा के लिए बुकिंग करने वाली समितियों का इंतजार करते नजर आए। बात करने पर पता चला कि इस सीजन में 4 दिन के लिए 45 हजार तो 8 दिन के लिए 65 से 75 हजार रुपए रेट तय है। पिछले साल की तुलना में इस बार तीन से पांच हजार का अंतर है। राजधानी में समय के साथ नाउत नाचा दलों का क्रेज कम होने लगा है। इसका फायदा लेने और शहरी क्षेत्र में परंपराओं को जिंदा रखने की जिम्मेदारी ग्रामीण क्षेत्र की टोली विगत 18 साल से संभाल रही है। इस बार ओड़िशा के राजा खड़ियार, आरंग, देवभोग, मंदिर हसौद से भी राउत नाचा दलों की दस्तक से त्योहारी रौनक लौटने वाली है। गोवर्धन पूजा से लेकर आगामी 8 दिनों तक शहर में ग्रामीण क्षेत्र के राउत नाचा दल ही दोहे और नृत्य से त्योहारी सीजन में धूम मचाने वाले हैं।ओड़िशा से आए गणपति तांडी ने बताया कि पिछले सीजन में 42 से 50 हजार में 4 से 6 दिन की बुकिंग ली गई। इस बार 45 से 75 हजार रुपए में क्रमशः 4 से 8 दिन की बुकिंग लेंगे। इस सीजन में तीन से पांच हजार तक बुकिंग दरों में भी इजाफा हुआ है।





### ग्रामीण कलाकारों को मिल रही..





देवभोग के श्याम बैस और मंदिर हसौद के बिरजू यादव ने बताया कि इस साल शहर में कई ऐसी समिति हैं, जो हर साल नरक चतुर्थी से ही 4 से 8 दिनों के लिए बुकिंग करते हैं। यह सिलसिला करीब 18 साल से चल रहा है। इसके पहले हमें शहर में एंट्री नहीं मिलती थी, क्योंकि गोवर्धन पूजा का आयोजन करने वाली समितियों के पास अपना राउत नाचा दल था। अब रायपुर में राउत नाचा दल की कमीं होने से ग्रामीण कलाकारों की त्योहारी सीजन में बुकिंग में पूछ-परख बढ़ने लगी है।

### 6 से 8 लोगों की बनाते हैं टोली

आनंद तांड़ी ने बताया कि आने-जाने का किराया, रहने की व्यवस्था देने का खर्च बढ़ गया है। इसे देखते हुए रेट में वृद्धि की गई है। हर टीम में 6 से 8 लोगों को शामिल किया जाता है। इनमें ताशा, निशान, ढोल, झुमका के साथ मोहरी जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग किया जाता है। इसके लिए ही 5 लोगों की जरूरत होती है। टोली में दो से तीन लोगों को अतिरिक्त रखा जाता है। इनमें दोहा बोलने के साथ नर्तक व नर्तकी को शामिल करते हैं, जो टोली का हिस्सा बनते है।

### सजा राउत नाचा का सामान

*बूढ़ेश्वर चौक पर बाहर से आने वाले राउत नाचा दलों की वजह से जरूरी सामानों की बिक्री के लिए इस बार भी दर्जनभर लोगों ने राउत नाचा में प्रयोग होने वाले जरूरी साजों-सामान बेचने के लिए तैयारी की है। इलामुद्दीन और रूपेश यादव ने बताया कि जरूरी सामानों की दरों में 30 से 50 रूपए का अंतर आया है। इस बार मोर पंख सौ रुपए सैकड़ा, सौ रुपए बंडल गतठी बांस, सुलेसा 500 रुपए जोड़ी और राउत नाचा में प्रयोग की जाने वाली लाठी को 100-200 रुपए जोड़ी बेच रहे हैं।*

## तीन मरीजों की आंखों का जोखिम अब भी, 14 की रोशनी वापस मिलने के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दंतेवाड़ा में मोतियाबिंद की सर्जरी के दौरान लापरवाही के शिकार तीन मरीजों को दिखाई देने की संभावना बहुत कम है। दोबारा इलाज के बाद 14 मरीजों की रोशनी लौटने की संभावना तो है, मगर इसके लिए काफी वक्त लग सकता है। बुधवार को ऑल इंडिया आप्थेल्मोलॉजिकल सोसाइटी के तीन डाक्टरों ने आंबेडकर अस्पताल में इलाज करा रहे 17 मरीजों की जांच की। दंतेवाड़ा में विभागीय लापरवाही का खामियाजा कितने मरीजों को अपनी आंखें खोकर देना पड़ेगा, यह अब तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। आंखों में संक्रमण की शिकायत के बाद अब तक 17 मरीजों को दोबारा इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल भेजा जा चुका है। यहां के नेत्र विभाग की टीम मौजूदा संसाधन के आधार ▶▶ शेष पेज 11 पर

### रेफर करने की जरूरत नहीं

संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल के नेत्र चिकित्सकों की प्रक्रियाओं पर चिकित्सकों की टीम ने संतुष्टि जताई है। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को उपचार के लिए किसी अन्य संस्थान में रेफर करने की आवश्यकता नहीं है। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि मरीजों का समुचित इलाज जारी है। विभागीय चिकित्सक मरीजों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री ने ली जानकारी

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल इस मामले में काफी गंभीरता दिखा रहे हैं। उन्होंने जांच करने पहुंची चिकित्सकीय टीम से मरीजों के इलाज के संबंध में फोन पर जानकारी ली। चिकित्सकों द्वारा दी गई उपचार सुविधा पर संतुष्टि जताई है। स्वास्थ्य मंत्री ने टीम को आश्वस्त किया कि मरीजों के इलाज में शासन की तरफ से कोई कमी नहीं होगी।

## दो दिन इमरजेंसी मोड

# पटाखों से झुलसने वालों के लिए अस्पताल में विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिवाली पर ओपीडी अवकाश होने की वजह से दो दिन राजधानी के सरकारी अस्पताल इमरजेंसी मोड पर रहेंगे। आंबेडकर, डीके और जिला अस्पताल में पटाखों से झुलसने वाले और एक्सीडेंट का शिकार होने वालों के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आपात व्यवस्था के लिए चौबीस घंटे डाक्टर तैनात किए गए हैं। त्योहार के पहले बुधवार को अंतिम दिन सरकारी अस्पतालों मे ओपीडी के जरिए मरीजों की जांच और इलाज किया गया। गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश होने के बाद शनिवार को ओपीडी खुलेगी ▶▶ शेष पेज 11 पर



■ दिवाली अवकाश, आंबेडकर, डीके अस्पताल में ट्रामा के जरिए मरीजों को मिलेगा इलाज

### जिम्मेदारों का कहना

*किसी तरह की अप्रिय घटना के शिकार होकर त्योहार के दौरान आने वाले मरीजों के इलाज में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है। इसके लिए ट्रामा एंड इमरजेंसी विभाग को अलर्ट किया गया है।*
*- डा. संतोष सोनकर, अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

*पटाखों अथवा अन्य घटनाओं में गंभीर रूप से जख्मी होकर इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। इसके लिए रोस्टर आधार पर डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है।*
*- हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीके अस्पताल*

*सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों डाक्टरों की चौबीस घंटे तैनाती की गई है। आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को हर हाल आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।*
*- डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ*

### बरतें सावधानी

*आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डॉ. विनय वर्मा ने कहा कि पटाखा जलाते वक्त ढीले और सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करें। बच्चों को परिवार के किसी बड़े सदस्य की उपस्थिति में पटाखा जलाने की अनुमति दें और आंखों को बचाव के लिए चश्मे का उपयोग करें। इस दौरान कोई अप्रिय स्थिति होती है, तो पटाखे से जले हिस्से को ठंडे पानी में दस मिनट तक रखकर कपड़े से साफ करें। जलन ज्यादा होने पर संबंधित शख्स को ओआरएस का घोल पिलाएं, जख्म पर एलोविरा जेल, नारियल तेल अथवा बर्न क्रीम लगाकर चिकित्सकों से संपर्क करें।*

# गाली-गलौज से दोस्त बने दुश्मन, चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उरला थाना क्षेत्र में अपने ही मोहल्ले में घूम-घूमकर आवारागर्दी करने वाले एक 17 वर्षीय नाबालिग ने मंगलवार को अपने ही साथी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की वजह गाली-गलौज से नाराज होना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवारी बाजार के पास नाबालिग ने बीरगांव निवासी 19 वर्षीय नारायण देवांगन की हत्या की है। घटना के बाद ▶▶ शेष पेज 11 पर



### नौ बार चाकू से हमला

पुलिस के अनुसार नाबालिग ने नारायण को चाकू से नौ बार गोदा है। नारायण की मौत चाकू से गला रेतने की वजह से हुई है। घटना के समय नाबालिग नशे में धुत्त था। नाबालिग को जब पुलिस थाने ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इंस्टाग्राम में रील बनाते थे

पुलिस के अनुसार आरोपी, मृतक तथा उनके अन्य साथी इंस्टाग्राम में रील बनाते थे। सभी आपस में अच्छे दोस्त थे। नारायण नाबालिग के साथ आए दिन गाली-गलौज करता था, इस बात से नाबालिग नाराज था। घटना दिनांक को भी नारायण ने नाबालिग के साथ गाली-गलौज की थी। इसका बदला लेने नाबालिग ने रात में शराब पीने के बाद नारायण की पतासाजी की और उसके साथ विवाद किया। इसके बाद नाबालिग ने नारायण को संभलने का मौके दिए बगैर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें


9827555678, 8224868411

# राजधानी में छाए रहे बादल, बस्तर में हल्की बारिश की गतिविधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ दीपावली बीतने तक बदलाव संभव नहीं

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से राजधानी में बुधवार को भी बादल छाए रहे। वहीं बस्तर के एक दो स्थानों पर बारिश की गतिविधि बनी रही। बादल और बारिश का प्रभाव त्योहार समाप्त होने तक बने रहने के आसार हैं। अभी दिन की तुलना में रात का तापमान सामान्य से दोगुना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी का दौर अनवरत जारी है। इसकी वजह से प्रदेश का मौसम बदला हुआ है। छाए बादलों की वजह से दिन की तुलना में रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। बुधवार को इस स्थिति में ▶▶ शेष पेज 11 पर








# दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


दीवाली का त्यौहार हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है और इसे मुख्य रूप से भगवान राम की अयोध्या वापसी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान राम ने 14 वर्ष का वनवास पूरा किया और राक्षस राजा रावण का वध कर अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन पर अयोध्या के लोगों ने घी के दीये जलाकर उनका स्वागत किया, और तभी से यह परंपरा दीवाली के रूप में मनाई जाने लगी।इसके अलावा, दीवाली को धन, समृद्धि और खुशियों का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग माँ लक्ष्मी की पूजा करते हैं, जो धन और समृद्धि की देवी हैं। व्यापारी वर्ग के लोग इस दिन को नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के रूप में भी मनाते हैं।दीवाली को अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने, बुराई पर अच्छाई की जीत, और अज्ञानता से ज्ञान की ओर जाने का प्रतीक भी माना जाता है।

दीवाली पर लक्ष्मी-गणेश की पूजा करने की विशेष विधि है, जिससे घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यहां दीवाली पूजन विधि के चरण बताए गए हैं:

1. **पूजा स्थान की सफाई:** सबसे पहले पूजा का स्थान साफ़ करें और गंगाजल छिड़ककर पवित्र करें।दीवार या चौकी पर रंगोली बनाएं और आस-पास दीपक जलाएं।
2. **पूजा सामग्री:** पूजन के लिए मूर्ति या तस्वीर (लक्ष्मी-गणेश), दीपक, तेल या घी, अगरबत्ती, फूल, चावल, कुमकुम, मिठाई, फल, सिक्के, दूर्वा घास और पान के पत्ते तैयार रखें।
3. **कलश स्थापना:** पूजा में एक तांबे या मिट्टी के कलश में पानी भरकर उसमें कुछ चावल और सिक्के डालें। इसके ऊपर आम या अशोक के पत्ते रखें और एक नारियल कलश पर रखें।
4. **गणेश-लक्ष्मी स्थापना:** लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति या तस्वीर को साफ करके उन्हें एक कपड़े पर स्थापित करें। उनके पास सरस्वती जी की तस्वीर या पुस्तक रखें, जो ज्ञान का प्रतीक मानी जाती है।
5. **आह्वान और ध्यान:** दीपक जलाकर भगवान गणेश और मां लक्ष्मी का ध्यान करें। इसके बाद हाथ में फूल और अक्षत (चावल) लेकर देवी-देवताओं का आह्वान करें।
6. **पूजा और आरती:** सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करें, क्योंकि उन्हें सर्वप्रथम पूजनीय माना जाता है। फिर माता लक्ष्मी की पूजा करें। फूल, अक्षत, और मिठाई अर्पित करें। उनके चरणों में सिक्के रखें, जो समृद्धि का प्रतीक हैं। इसके बाद धूप-दीप, अगरबत्ती और फूलों से माता लक्ष्मी और गणेश जी की आरती करें।
7. **लक्ष्मी मंत्र जाप:** लक्ष्मी जी का ध्यान करते हुए उनके मंत्र "ॐ महालक्ष्म्यै नमः" का जाप करें। आप लक्ष्मी चालीसा या लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ भी कर सकते हैं।
8. **प्रसाद वितरण:** पूजा के बाद सभी प्रसाद को परिवार और रिश्तेदारों में बांट दें। इस प्रकार विधिपूर्वक पूजा करने से माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

Contact for ad- 8766276107



























खबर संक्षेप

## निशुल्क दीया और रंगोली वितरण कार्यक्रम का समापन



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई युवा विंग द्वारा लगातार छह दिन से निशुल्क दीया और रंगोली वितरण का आयोजन किया जा रहा है। इस दीया और रंगोली वितरण कार्यक्रम का समापन बुधवार को झूलेलाल उद्यान कटोरा तालाब में किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि, पूरी युवा विंग टीम द्वारा निरंतर हर जरूरतमंद को दिवाली के अवसर पर रंगोली और दीया वितरण किया गया और एक दीया श्रीराम के नाम हर घर तक पहुंचाने में हम सफल हुए। कार्यक्रम में सुनील कुकरेजा, किशोर आहूजा, मनोज डेंगवानी, डॉ एनडी गजवानी, धनेश मटलानी, कमल विधवानी, संजीव जसवानी, चंदन जैसिंघ, महेश खिलनानी, गौतम रेलवानी, नरेश पंजवानी, आशीष वासवानी, सूरज जसवानी उपस्थित थे।

## पेंशनरों के लिए कल से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान


**रायपुर।** केंद्र एवं राज्य सरकार की नौकरियों से रिटायर हुए कर्मचारियों को पेंशन मिलती रहे, उसके लिए प्रतिवर्ष नवंबर में पेंशनर को जीवन प्रमाणपत्र यानी लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराना होता है। 80 साल और उससे अधिक उम्र के पेंशनरों की सहूलियत के लिए सरकार ने 1 अक्टूबर से ही जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में डाक परिमंडल के सहायक निदेशक ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक ने 2020 में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनाने की डोरस्टेप सेवा शुरू की थी। वर्तमान में इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक द्वारा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 1 से 30 नवबंर तक चलाया जा रहा है।

# दो दिन में 6 करोड़ का बिका पटाखा आज 10 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

दीपावली में इस बार धनतेरस और रूप चौदह के दिन पटाखों के कारोबार में बूम देखने को मिला। दो दिन में 6 करोड़ का पटाखा कारोबार हुआ। लक्ष्मी पूजन के दिन 10 करोड़ के पटाखा कारोबार की उम्मीद कारोबारियों ने जताई है। इस तरह रायपुर शहर में दीपावली पर 16 करोड़ के पटाखा कारोबार की उम्मीद पटाखा कारोबारी जता रहे हैं। नगर निगम के लाखे नगर हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर अस्थायी पटाखा बाजार में एक से बढ़कर एक पटाखे विक्रय के लिए उपलब्ध हैं, जहां लोग परिवार के साथ खरीदी करने पहुंच रहे हैं।

राजधानी में दीपावली पर्व के मौके पर 16 करोड़ का पटाखा कारोबार अस्थायी व स्थायी पटाखा दुकानों से हो सकता है। शहर के पटाखा कारोबारियों ने इस बार पटाखा बाजार में अच्छी ग्राहकी को देखते हुए इसकी उम्मीद जताई है।



उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा पटाखा तमिलनाडु के शिवकाशी से आता है। इसके लिए स्थानीय पटाखा कारोबारियों ने करीब एक माह पहले ही ऑर्डर देकर पटाखे मंगा लिए हैं। पटाखा बाजार फूल चौक, रामसागरपारा, ईदगाह भाठा मैदान, गोल बाजार फाफाडीह सहित अन्य जगहों पर सजे हैं। यहां अनारदाना, लक्ष्मी लड़ी पटाखा सहित कई अन्य वैरायटी वाले पटाखे उपलब्ध हैं। हालांकि सबसे बड़ा पटाखा बाजार राजधानी रायपुर के ईदगाह भाठा मैदान पर लगाया गया है, जहां बड़ी संख्या में दुकानें लगाई गई हैं। इन दुकानों में करीब 65 प्रतिशत पटाखे शिवकाशी के हैं।

### पिछली दिवाली में चुनाव का असर इस बार अच्छे कारोबार की उम्मीद

कारोबारियों का कहना है कि पिछली दीपावली के समय में विधानसभा चुनाव था। इस कारण पटाखा का कारोबार उम्मीद से कम हुआ था, लेकिन इस बार उम्मीद के अनुरूप कारोबार होने की संभावना है।

### करीब 5 सौ दुकानों को अस्थाई लाइसेंस जारी

रायपुर जिले में इस बार पटाखा का कारोबार करने वाले करीब 5 सौ दुकानों को पटाखा बिक्री के लिए प्रशासन द्वारा लाइसेंस जारी किया गया है। इनमें ज्यादातर अस्थाई पटाखा दुकानदार हैं, जो दिवाली के समय ही दुकानें लगाकर पटाखा का कारोबार करते हैं। इसके अलावा करीब 40 स्थाई दुकानें भी हैं, जिन्हें 3 से 5 साल के लिए स्थाई लाइसेंस जारी किया गया है।

## मेड इन हरियाणा के कुरियर से शराब आपूर्ति, बेचते हुए धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने एक युवक के कब्जे से हरियाणा निर्मित 50 बोतल महंगे ब्रांड की शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत एक लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक कुरियर के माध्यम से शराब आपूर्ति कर लोगों को बेचता था। पुलिस ने युवक को पीडब्लूडी ओवरब्रिज के नीचे ग्राहक आने का इंतजार करते गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शराब बेचने के आरोप में सागर मंधानी उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सागर द्वारा हरियाणा से शराब मंगाकर बेचने की



जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम ने एक युवक को सागर के पास शराब खरीदने भेजा। युवक सागर के पास पहुंच पाता, इसके पूर्व मौके पर पहुंचकर पुलिस ने सागर की डिक्की से शराब जब्त की। पुलिस के अनुसार सागर की निशानदेही पर उसके घर से भी शराब जब्ती की गई।

### थर्माकोल के डिब्बे में पैक कर मंगाता था

पुलिस के अनुसार पांच से दस की संख्या में थर्माकोल के डिब्बे में पैक कराकर सागर हरियाणा के अलग-अलग शराब ठेका से शराब मंगवता था। सागर लोगों के आर्डर के हिसाब से शराब मंगाकर यहां बेचने का काम कर रहा था। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में जो शराब तीन से चार हजार रुपए में मिलती है, वह शराब हरियाणा में आधी कीमत पर मिलती थी। इसी का फायदा उठाकर पैसों के लालच में सागर हरियाणा से कुरियर के माध्यम से शराब मंगाकर बेच रहा था। सागर को लग रहा था कि कुरियर से शराब मंगाने से वह पुलिस की नजरों में नहीं आएगा।

## टूट पड़ी दुकानों में भीड़, 2 दिन में बिक गई 11 करोड़ से अधिक की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

दीपावली त्योहार में इस बार आबकारी विभाग की जमकर कमाई हो रही है। धनतेरस के दिन से शासकीय शराब दुकानों में खरीदारों की भारी भीड़ रही है। यह भीड़ दूसरे दिन बुधवार को भी रही। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इन दो दिनों में जिले में 11 करोड़ से अधिक की शराब की बिक्री हुई है। बिक्री का यह आंकड़ा अनुमानित है। अधिकारियों का कहना है कि बिक्री का आंकड़ा कम या ज्यादा भी हो सकता है।

दीपावली त्योहार के दौरान हर बार शराब से आबकारी विभाग को मोटी कमाई होती है। इस बार भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। सुबह से लेकर रात बंद होने तक शराब दुकानों में खरीदारों की भीड़ पहुंच रही है। ज्यादातर भीड़ शाम साढ़े 5 बजे से लेकर रात साढ़े 9 बजे तक देखी जा रही है। पिछले दो दिन में 11 करोड़ से ज्यादा की शराब बिक्री हुई है। यह आंकड़ा गुरुवार को लक्ष्मी पूजा के दिन 17 से 18 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इस दिन सबसे ज्यादा शराब की बिक्री होती है।

### पिछले वर्ष करीब 18 करोड़ रुपए की हुई थी बिक्री

पिछली दीपावली पर धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा के दिन तक 3 दिन में 18 करोड़ रुपए के करीब शराब की बिक्री हुई थी, जबकि सामान्य दिन में जिले में करीब 5 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है। इस तरह त्योहार में करीब 10 से 12 प्रतिशत तक शराब की अधिक बिक्री होती है।

### दीपावली के कारण बिक्री बढ़ी

*त्योहार में शराब की बिक्री बढ़ जाती है। इस दीपावली पर पिछले दो दिन में 11 करोड़ रुपए से अधिक की शराब की बिक्री हुई है। लक्ष्मी पूजा के दिन सबसे ज्यादा बिक्री होने की संभावना है।*

*- **रामकृष्ण मिश्रा***
*उपायुक्त*
*आबकारी विभाग रायपुर*

## पुरानी बस्ती में गोवर्धन पूजा और मातर पर्व 2 नवंबर को

**रायपुर।** ठेठवार यादव समाज रायपुर राज द्वारा पुरानी बस्ती बासीनपारा सरस्वती चौक में 2 नवंबर को शाम 6 बजे गोवर्धन पूजा धूमधाम मनाया जाएगा। इस पावन पर्व पर गोबर का गोवर्धन बनाया जाएगा। गौ-माता के खुर से गोवर्धन खुदांया जाएगा। गौ-माता को पकवान एवं नये वस्त्र पहनाया जाएगा एवं भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग समर्पित की जाएगी। इसके बाद प्रसाद वितरण भी होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार शाम 6 बजे ठेठवार यादव समाज मातर पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह जानकारी समाज के रमेश यदु ने देते हुए बताया कि बैठक में श्रीकांत यदु, गोवर्धन यदु, दसरू यदु, चन्द्रकांत यदु, रमेश यदु, संतोष यदु, जयप्रकाश यदु, अश्वनी यदु, गोपाल यदु, गोविंद यदु, किशोर यदु, पप्पू यदु, प्रकाश यदु, कमलेश यदु, राहुल यदु, सुंधाशु यदु आदि उपस्थित थे।










# दक्षिणावर्ती शंख... दूधाधारी मठ में कल रात 8 बजे केवल 10 मिनट के लिए होंगे दर्शन

**दर्शनमात्र के लिए पहुंचते हैं सैकड़ों श्रद्धालु**

रायपुर। शहर के अनेक प्राचीन मंदिरों में कई ऐतिहासिक व प्राचीन वस्तुएं मौजूद हैं। महामाईपारा स्थित श्री दूधाधारी मठ का इतिहास लगभग 450 साल पुराना है। यह मठ शहर के ऐतिहासिक स्मारकों में से एक है। जिसे 1554 में राजा रघुराव भोसले द्वारा तैयार कराया गया था। मठ में दूधाधारी महराज के वक्त से ही दुर्लभ शंख मौजूद है। जिसे पूर्ण रुप से सुरक्षा के साथ श्री राम निवास कक्ष में रखा जाता है। माता लक्ष्मी का प्रतिक माना जाने वाला दक्षिणावर्ती शंख मठ में मौजूद है। मठ में एक नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी। ऐसे में शुक्रवार को मात्र 10 मिनट के लिए इस दुर्लभ शंख के दर्शन होंगे।



**आज महकेगा 3 करोड़ का कारोबार**

फूल कारोबारियों के अनुसार, इस बार कोलकाता, बेंगलुरू, नागपुर और नासिक के साथ ही छिंदवाड़ा से भी फूलों की खेप मंगाई गई है। धनतेरस और रूप चतुर्थी के चलते फूलचौक स्थित मुख्य बाजार सहित शहर से जुड़े रिटेलर्स ने दो दिन में 25 ट्रक से ज्यादा फूलों की बिक्री की है। प्रति ट्रक 10-15 लाख थोक कीमत होती है। दीपावली में फूलों के 3 करोड़ करोबार का अनुमान है।

### प्राकृतिक रूप से स्वयं हुआ तैयार

*मठ प्रबंधन के अनुसार, दक्षिणावर्ती शंख दुर्लभ शंखों में एक है, जो प्राकृतिक रुप से स्वयं तैयार होता है। शंख के दर्शन के लिए शाम 4-5 बजे से ही मठ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। इस वर्ष भी दीपावली के मौके पर मठ में मौजूद 2 दक्षिणावर्ती शंखों को आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाता है। यह परंपरा मंदिर स्थापना के वक्त से ही चली आ रही है, जिसका पालन आज भी किया जा रहा है।*

**400 साल से अधिक प्राचीन है यह शंख, माना जाता है मां लक्ष्मी का प्रतिक**



पंडित राम छवि ने बताया, वर्तमान में मठ की 9वीं पीढ़ी देख-रेख कर रही है। मान्यता के अनुसार यह शंख माता श्री लक्ष्मी का प्रतिक है, जिसे भगवान विष्णु रखा करते हैं। प्रत्येक वर्ष दीपावली के वक्त शंख को श्री राम निवास कक्ष से बाहर निकाला जाता है। इस अवसर पर केवल 10 मिनट के लिए भक्तों को शंख का दर्शन करने का मौका दिया जाता है, जिसके लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। जिस कमरे में इस शंख को रखा जाता है, उस कमरे को भी साल में केवल एक दिन ही खोला जाता है। जहां पूर्ण रुप से पूजा पाठ कर ही शंख को बाहर निकाला जाता है।



## शहर में कहीं आज तो कहीं कल दीपोत्सव

*इस वर्ष लक्ष्मी पूजन की तिथियों को लेकर मतभेद है। इस कारण शहर के कुछ मंदिरों में 31 अक्टूबर को तथा कुछ मंदिरों में 1 नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह पहली दीपावली है। इस अवसर पर शहर के राम मंदिरों में भव्य साज-सज्जा की तैयारी की गई है।*

### राम मंदिर : एक नवंबर को 2100 दीप प्रज्ज्वलन

वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर के मुख्य पुजारी हनुमंत लाल ने कहा, दीपावली से दो सप्ताह पूर्व ही मंदिर में साज-सज्जा की तैयार शुरु हो चुकी है। इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व 1 नवंबर को मनाया जाएगा। जहां शाम 6-7 बजे 2100 दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। साथ ही आतिशबाजी की होगी।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर : एक नवंबर को पूजन



सती बाजार फव्वारा चौक स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी ओमकार ने बताया, शुभ मुहूर्त में 1 नवंबर को पर्व मनाया जाएगा। जहां सुबह से भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। शाम को मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं भोग के पश्चात भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।

### महामाया मंदिर : गुरुवार को मनेगी दीपावली

महामाया मंदिर में 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सूरज फूटान ने बताया, मंदिर में माता का महालक्ष्मी का स्वरुप में पूजन किया जाता है। अमावस्या तिथि के अनुसार इस वर्ष भी दीपावली मनाई जाएगी। इसके पश्चात 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा होगी। इस अवसर पर गौ माता की पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही अन्नकूट पर माता के समक्ष 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे।

### दूधाधारी मठ : यहां एक नवंबर को दीपावली

मठ के पं.राम छवि ने बताया, 1 नवंबर को मठ में दीपावली मनाई जाएगी। इस वर्ष श्री रमा एकादशी 28 अक्टूबर से दीपावली पर्व का शुभारंभ किया गया है। श्रीराम को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। 10 हजार से अधिक दीपदान होंगे।

### जैतूसाव मठ : शुक्रवार को होगा दीपदान

दूधाधारी मठ कर तरह जैतूसाव मठ में भी शुक्रवार को ही दीपदान होगा। मठ के अजय तिवारी ने बताया, विशेष श्रृंगार के बाद शुभ मुहूर्त में आरती होगी।









**अमावस के पहले खिला चांद**

अमावस्या के एक दिन पहले रूप चौदस मनाया गया। परंपरानुसार उबटन से स्नान करते हुए श्रृंगार कर शहर की महिलाओं ने दीपदान किया।

## खुशियों वाली दीपावली



रायपुर। दीपावली पर सबसे अधिक याद घर की आती है। पढ़ाई व काम की जिम्मेदारी के चलते कुछ लोगों को घर से दूर ही अन्य स्थानों में त्योहार मनाना पढ़ता है। राजधानी में कई राष्ट्रीय स्तर के संस्थान भी हैं। इनमें अध्ययनरत विद्यार्थी दूसरे राज्यों से आते हैं। कई कारणों से घर नहीं जा पाने के कारण वे इस बार दीपावली हॉस्टल में ही मनाएंगे।

### दोस्तों संग हॉस्टल की दीपावली

ट्रिपलआईटी में अध्ययनरत उत्तरप्रदेश निवासी अनन्या राजावत ने बताया, बीते दो वर्ष से पढ़ाई के चलते दीपावली पर घर जाने का अवसर नहीं मिला। दोस्तों संग दीपावली मनाने में भी काफी मजा आता है। यहां हम साज-सज्जा करते हुए पटाके जलाते हैं। लखनऊ निवासी अलीशा त्रिपाठी ने बताया, दीपावली में घर के खाने को बहुत मिस कर रहे हैं। मध्यप्रदेश निवासी साक्षी सोनकर ने बताया, प्रोफेसर भी कैंपस में मौजूद होते हैं। हम पारंपरिक परिधान में एकत्र होकर त्यौहार मनाते हैं।

### 103 बच्चों संग मनाएंगे दीपावली

कचहरी चौक स्थित बालाश्रम के अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया, आश्रम में 103 बच्चे रहते हैं, जिनके साथ 1 नवंबर दीपावली पर्व मनाया जाएगा। पूजा से पूर्व ही आश्रम में सभी तैयारी कर ली गई है, जहां अन्य सदस्यों संग बच्चे त्यौहार का लुत्फ उठाते हैं। शाम आरती पूजन के पश्चात पटाका वितरण किया जाता है।



### सीनियर सिटीजन करेंगे आतिशबाजी

टिकरापारा स्थित चितवन वृद्धाश्रम के संचालक राजेश अग्रवाल ने बताया, 31 तारीख गुरुवार को सुबह 11:30 में लक्ष्मीपूजा का आयोजन किया गया है। जिसके पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आश्रम में 20 वृद्धजन रहते हैं, जिनके लिए नए कपड़े व पटाके की व्यवस्था की गई है। आतिशबाजी भी वृद्धों द्वारा की जाएगी।

# लक्ष्मी वंदन की तैयारी...बताशा 120 तो लाई 100 रुपए किलो

रायपुर। धनतेरस व रूप चतुर्दशी के बाद गुरुवार को होने वाली लक्ष्मी पूजा से पहले बुधवार को शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर रौनक रही। हर किसी ने लक्ष्मी पूजा में उपयोग की जाने वाली सामग्री जुटाने मार्केट में कई चक्कर लगाए। इस बार पूजा सामग्री बेचने वाले लोगों ने ग्राहकों की सुविधा के लिए तीन से पांच सौ में पूजा में प्रयोग किए जाने वाले जरूरी सामग्री की पैकिंग करके खास ऑफर भी दिए हैं। थोक फूल मार्केट में रिटेलर्स फूलों की खरीदी के साथ दीपोत्सव के लिए फूलों की बुकिंग कराने के लिए भी पहुंचे। दीपों के महापर्व से एक दिन पहले शहर के गोलबाजार, चिकनी मंदिर, शास्त्री चौक सहित आमापारा, लाखे नगर, भाठागांव में भी पूजा सामग्री बेचने वालों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही। पूजा सामग्री बेचने वाली कमलेश्वरी बघेल ने बताया, ग्राहक पूजा में प्रयोग होने वाले हर सामान को अलग-अलग जगह खरीदते हैं, तो उन्हें अधिक दाम चुकाने पड़ते हैं। इसे देखते हुए लोग सभी जरूरी सामानों की पैकिंग एक ही जगह से करवाने लगे हैं।



### मिट्टी के सामान्य दीयों की बिक्री अधिक

पूजन सामग्री विक्रेता कामिनी साहू ने बताया, 120 रुपए किलो बताशा, 100 रुपए किलो लाई के साथ ही 20 से 100 रुपए प्रति नग धान की बाली की बिक्री हुई है। इसके साथ ही पूजा में उपयोग किए जाने वाले सामानों में सिंघाड़ा 80 रुपए किलो, आंवला 60 रुपए किलो तो वहीं कांदा का भाव 40 रुपए प्रति किलो रहा। दीए बेचने वाली रश्मि चक्रधारी ने बताया, डिजाइनर दीए 40 से 60 रुपए दर्जन तो मिट्टी के सामान्य दीए इस बार 15 से 20 रुपए दर्जन बेच रहे हैं। इस बार ज्यादातर लोग मिट्टी के सामान्य दीए ही खरीद रहे हैं। एक वर्ग विशेष ही डिजाइनर दीए खरीद रहा है।

### 300 से 500 रुपए के पैकेज



राधा यादव ने बताया कि लक्ष्मी पूजा सामग्री गोमती चक्र, पीला कौड़ी, कमल गट्टा, हल्दी, सुपाड़ी, हरा धनिया दाना, खड़ा मूंग, आयठी, लाल कपड़ा आसन पर बिछाने के लिए भी पैकिंग में शामिल होता है। इसके साथ ही फूल, दूबी, गंगाजल, मौली धागा, आमपत्ती, शहद, पंचमेवा, जनेऊ, ग्वालिन मूर्ति, कमल का फूल, नारियल को एक साथ पैक करके 300 रुपए में देते हैं। वहीं 500 रुपए में पूजा सामग्री के साथ लक्ष्मी माता की मूर्ति के साथ सामान की मात्रा भी ज्यादा रखते हैं। इसे कम लोग ही आर्डर करते हैं, ज्यादातर लोग तीन सौ की पूजा सामग्री को पैकिंग कराते हैं।

## खबर संक्षेप



### उप राष्ट्रपति धनखड़ को उप मुख्यमंत्री साव ने राज्योत्सव के समापन का दिया आमंत्रण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भेंट की। उन्होंने राज्य शासन की ओर से उप राष्ट्रपति को राज्योत्सव के समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। नया रायपुर, अटल नगर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह 6 नवम्बर को होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा आगामी 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक नया रायपुर, अटल नगर में तीन दिवसीय भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

### मुख्यमंत्री आज बगिया जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरूवार को जशपुर जिले के ग्राम बगिया के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री साय सबेरे 7.30 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से हेलीकॉप्टर से ग्राम बगिया जिला जशपुर रवाना होकर सबेरे 9 बजे बगिया पहुंचेंगे।

### मराठा युवा समाज ने धूमधाम से मनाया धनत्रयोदशी



**रायपुर।** मराठा युवा समाज के सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर धनत्रयोदशी को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों के साथ-साथ महिलाओं और युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही धन त्रयोदशी के पावन अवसर पर 'एक दीया दैवत' के नाम का आयोजन किया गया, जिसमें मराठा समाज के सदस्यों से आव्हान करने पर परिवार के एक सदस्य के नाम से एक घृत दीया लाकर छत्रपति शिवाजी महाराज को अर्पित किया। इस मौके पर मराठा युवा समाज अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताता कि, मराठा युवा समाज ने अपने दैवत छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर संस्कार व संस्कृति से नई पीढ़ी को जोडने का प्रयास किया है। इस कार्यक्रम में महेंद्र घाटगे, उषा पवार, मनीष भोंसले, नीरज इंग्ले, राहुल डुकरे, सौरभ बाकरे, शिशिर सुरोषे, संजू राव, सुमीत ढिगे, अभिजीत जाचक आदि शामिल थे।

## निधन

### चंदरलाल तलरेजा

**रायपुर।** दलदल सिवनी मोवा निवासी चंदरलाल तलरेजा (74) का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल कुमार, अमित कुमार, महेंद्र लाल के पिता थे।



# 10 माह में नहीं करा पाए नवीनीकरण, 64 हजार पुराने राशन कार्ड की आईडी कल हो जाएगी रद्द !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में उचित मूल्य दुकान के 64 हजार कार्ड धारकों के पुराने कार्ड की आईडी एक नवंबर से रद्द हो जाएगी, क्योंकि इन धारकों ने अब तक अपने कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण की प्रक्रिया कल से बंद हो जाएगी, जिसके बाद इन छूटे कार्ड धारकों को तब तक ही पुराने कार्ड पर राशन मिल पाएगा, जब तक उनकी आईडी ऑनलाइन साफ्टवेयर में ब्लॉक नहीं हो जाती है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो पुराने कार्ड धारकों की आईडी आगामी दिनों में कभी भी ब्लॉक हो सकती है, क्योंकि नए वर्ष में पुराने कार्ड पर प्रतिबंध लगाए जाने के संकेत मिल रहे हैं। इस संबंध में विभागीय कार्यालयों में चर्चा भी होने लगी है। यही कारण है कि नवीनीकरण का काम भी 31 अक्टूबर के बाद पूर्ण रूप से बंद किया जा रहा है।

## नवीनीकरण नहीं करा पाए हितग्राही अब पुरानी आईडी से नहीं बनवा पाएंगे नये कार्ड

### पुराने कार्ड की आईडी से नहीं बन पाएगा कार्ड

नवीनीकरण का काम बंद हो जाने के बाद कार्ड धारक की पुरानी आईडी भी निरस्त हो हो सकती है। इसके बाद पुराने कार्ड की आईडी के साथ नया राशन कार्ड बन नहीं पाएगा। इस तरह धारक को नए आवेदन और नई आईडी के साथ नया राशन कार्ड बनकर मिलेगा।



### पुराने कार्ड पर पूर्व सीएम व मंत्री का चेहरा

पुराने राशन कार्ड में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंत्री के चेहरे हैं। इसे बदलने के लिए ही भाजपा सरकार ने नवीनीकरण का काम कराकर नये कार्ड का वितरण करा रही है, लेकिन नवीनीकरण नहीं कराने वाले हितग्राहियों के कारण पूर्व सरकार के राशन कार्ड अब तक उचित मूल्य की दुकानों में दिखाई दे रहे है।

### पुरानी आईडी से नहीं बन पाएंगे नए कार्ड

नवीनीकरण कराने वालों धारकों का ही पुरानी आईडी से नए कार्ड बनाए जा रहे है। नवीनीकरण का काम बंद होने के बाद छूटे हितग्राहियों का पुरानी आईडी से नया कार्ड नहीं बन पाएगा। इसके बाद उन्हें आवेदन देकर नई आईडी के साथ कार्ड बनकर मिलेगा।

*- भूपेंद्र मिश्रा*
*जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### 10 माह से चल रहा नवीनीकरण का कार्य

राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुराना राशन कार्ड को नया लुक देते हुए इसे बदलने की प्रक्रिया जनवरी 2024 से जारी है। इसके तहत समस्त कार्ड धारकों को नया कार्ड प्राप्त करने के लिए नवीनीकरण है, लेकिन 10 माह बीतने के बाद भी अब तक जिले में करीब 64 हजार धारकों ने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया है, जबकि शासन की ओर से कई बार नवीनीकरण कराने की तारीख में वृद्धि की गई है। अंतिम बार 15 अगस्त को नवीनीकरण की तारीख आगे बढ़ाई गई थी। इसके तहत छूटे कार्ड धारकों को 31 अक्टूबर तक नवीनीकरण कराना था, लेकिन इसके बाद भी छूटे कार्ड धारक नवीनीकरण नहीं कराए है। ऐसे में अब इन कार्ड धारकों के पुराने कार्ड 1 नवंबर से रद्द हो सकते हैं, क्योंकि इसके बाद नवीनीकरण का काम पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा।

# राप्रसे के अधिकारियों को दिवाली का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को दिवाली का तोहफा देते हुए वरिष्ठ श्रेणी के वेतनमान से प्रवर श्रेणी के वेतनमान में क्रमोन्नत किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 28 अक्टूबर को जारी इस आदेश से 64 अधिकारी और कनिष्ठ वेतनमान का लाभ पाने वाले 25 अधिकारी लाभान्वित हुए हैं।

- वरिष्ठ और कनिष्ठ वेतनमान का आदेश

इनमें शामिल अधिकारियों में प्रमोद कुमार गुप्ता, ओंकार यादव, अर्चना पाण्डेय, दिव्या वैष्णव, डॉ. दिप्ती वर्मा, देवेन्द्र कुमार प्रधान, चेतन साहू, प्रीति दुर्गम, नम एल स्माईल, दीपिका नेताम, हितेश्वरी बाघे, अरूण कुमार सोम, वहीदुर्रहमान, गीता शुक्ला, लता उर्वसा, संदीप ठाकुर, जयशंकर उरांव, शारदा अग्रवाल, मधु हर्ष सरस्वती बंजारे, ऋतु हेमनानी, महेश सिंह राजपूत, अमित कुमार गुप्ता, पूनम शर्मा के नाम शामिल हैं।

### इन्हें मिला वरिष्ठ वेतनमान

ऋषिकेश तिवारी, उमेश कुमार पटेल, अंकिता गर्ग, प्रिया गोयल, बृजेश सिंह क्षत्रिय, आस्था राजपूत, शिम्मी नाहिद, अभिषेक गुप्ता, रविराज ठाकुर,, विपुल कुमार गुप्ता, डिगेश पटेल, आशीष देवांगन, अरुण कुमार, विनय कुमार सोनी, मोनिका, डॉ ज्योति पटेल, वीरेन्द्र सिंग, उमाशंकर बन्दे, प्रकाश कुमार भारद्वाज, अपूर्व प्रियेश टोपो, नवीन कुमार भगत, दुष्वन्त कुमार , मुकेश रावटे, संदीप ठाकुर,मोनिका कोड़ी, अभिलाषा पैकरा,धनीराम राजे, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, रमशीला लाल, पद्मलाल यादव, अजय कुमार , मिथिलेश कोडे, कन्दिर साय पैकरा, रामसिंह ठाकुर, मनीष मित्रा, नवीन कुमार ठाकुर,स्वाम सुन्दर हुरे, श्रीकांत वर्मा, गिरपारी लाल यादव, जगन्नाथ उन, दरबारी राम ठाकुर,अंजोर सिंह पैकरा, पुलक भट्टाचार्य, विनय कुमार अवाल.ऑसिका पाण्डेय, विनायक ,मेनका प्रधान, डॉ. विभोर अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, सूरज कुमार,प्रवीण कुमार वर्मा, अन्वेष धृतलहरे, पवन सुनार, अराध्या राहुल कुमार, प्रेमलता और सी. हितेश कुमार के नाम शामिल हैं।

### राज्य स्थापना दिवस पर जिलों में दीप प्रज्ज्वलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों में एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्जवलन किया जाना है। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, रायपुर ने कलेक्टरों को जारी परिपत्र में कहा है कि नागरिकों से अपने घरों में राज्य स्थापना दिवस को दृष्टिगत रखते हुए दीप प्रज्जवलन करने के लिए अपील करना सुनिश्चित करें।

# कलेक्टोरेट के कर्मचारी सुसाइडल प्रकरण में गरमाई सियासत, बैज ने कलेक्टर को हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले में सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

- राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा : भूपेश

उन्होंने कहा, राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पहले सतनामी, आदिवासी फिर साहू और अब ब्राह्मण समाज को प्रताड़ति किया जा रहा है।

श्री बघेल ने प्रदीप उपाध्याय के सुसाइड नोट का संदर्भ देते हुए कहा, लगातार कई जिलों में कस्टोडियल डेथ हो रही है। सरकार को निकम्मी बताते हुए कहा, उन्हें पद में बने रहने का कोई हक नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी मामले में रायपुर कलेक्टर को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा, प्रदीप उपाध्याय को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को भी जानकारी दी थी। कलेक्टर ने फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, जो कलेक्टर अपने कर्मचारी को न्याय नहीं दे सकता, वो आम लोगों को क्या न्याय देगा?

### मृतक के आश्रित को तत्काल दें अनुकंपा नियुक्ति

तहसील कार्यालय रायपुर में पदस्थ कर्मचारी लिपिक प्रदीप उपाध्याय के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टोरेट परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में कर्मचारी नेता चंद्रशेखर तिवारी, उमेश मुदलियार, पंकज पांडेय, रामचंद तांडी ने दिवंगत कर्मचारी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। फेडरेशन ने मृतक के आश्रित को तृतीय श्रेणी के पद पर शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति देने एवं आश्रित के परिवार को मानवीय आधार पर 50 लाख रुपए का विशेष अनुदान स्वीकृत करने की मांग रखी।

### एसपी से उच्च स्तरीय जांच की मांग

फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष सिंह से भेंटकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने आत्महत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। फेडरेशन सदैव अपने कर्मचारियों के हित संरक्षण के लिए और किसी भी कर्मचारी की प्रताड़ना का विरोध करने के लिए एकजुट होकर साथ खड़ा रहेगा।

### तहसील कर्मचारी की मौत पर कांग्रेस ने पुरानी बस्ती थाने का किया घेराव



पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व कथित तौर पर प्रताड़ना से तंग आकर तहसील कार्यालय के एक लिपिक प्रदीप उपाध्याय ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को थाने का घेराव किया। थाने का घेराव पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। कार्रवाई नहीं होने पर थाना के सामने नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदीप उपाध्याय ने जिन अफसरों के खिलाफ प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, उन अफसरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए विकास उपाध्याय तथा कांग्रेस नेताओं ने घेराव किया। थाने का घेराव करने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, श्रीकुमार मेनन, सन्नी अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।

# जिलों में राज्योत्सव 5 को, रायपुर में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस क्रम में रायपुर जिले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, सासंद, राज्य सरकार के मंत्री, विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

- सांसद, मंत्री, विधायक भी होंगे मुख्य अतिथि

***तोखन मनेंद्रगढ़, साव बिलासपुर में :*** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दुर्ग में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, बलौदाबाजार-भाटापारा में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

***जांजगीर में ओपी, गरियाबंद में बृजमोहन :*** इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के कार्यक्रम में मंत्री ओपी चौधरी, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में मंत्री टंकराम राम वर्मा, गरियाबंद में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बालोद में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### जशपुर में चिंतामणी बेमेतरा में रूपकुमारी

जशपुर जिले के कार्यक्रम में सांसद चिंतामणी महाराज, बेमेतरा में सांसद रूप कुमारी चौधरी, रायगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ति में सांसद कमलेश जांगडे, दंतेवाड़ा में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, नारायणपुर में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुंगली में विधायक पुन्नु लाल मोहले, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि होंगे।

### कबीरधाम में अमर धमतरी में अजय

इसी प्रकार कबीरधाम में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चन्द्राकर, कोरिया में विधायक रेणुका सिंह, सूरजपुर में विधायक भैया लाल राजवाडे, कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी, बीजापुर में विधायक विक्रम उसेंडी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक राजेश मूणत तथा सुकमा जिले में विधायक किरण देव राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# दीपावली पर सुरक्षा के लिए थानों के साथ साढ़े तीन सौ पुलिस जवानों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली की पूर्व संध्या पर शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ रही। इसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति रही। पुलिस की टीम सदर बाजार, कोतवाली में पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती नजर आई। शहर के कटोरातालाब, तेलीबांधा, मालवीय रोड, एमजी रोड, बंजारी रोड में खरीदारी करने आने वाले लोगों की वजह से पैदल चलना तक दूभर हो गया। दीपावली के दिन पुलिस ने शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने का दावा किया है। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक दीपावली में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने थानों के बल के साथ साढ़े तीन सौ पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अफसर के अनुसार फिक्स पिकेट्स लगाकर लोगों की जांच करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करेंगे।

- दीपावली की पूर्व संध्या शहर की सभी व्यस्त सड़कों पर पैदल चलना हुआ दूभर

### फायर ब्रिगेड को किया अलर्ट

दीपावली के दिन किसी भी तरह की आगजनी की घटना को रोकने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को ईदगाह भाठा स्थित फाटाका बाजार में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात की जाएगी।

### शहर में ट्रैफिक की चाल बिगड़ी

ट्रैफिक पुलिस के दावों के मुताबिक शहर के व्यस्त बाजार मालवीय रोड, एमजी रोड तथा राजेंद्र नगर में दोपहिया के साथ ई-रिक्शा चलाने पर रोक लगाई गई है। रोक के बावजूद इन मार्गों पर दोपहिया तथा ई-रिक्शा के साथ ऑटो दौड़ते नजर आए। इन मार्गों पर जहां पैदल चलना दूभर था। वहीं ऑटो, ई-रिक्शा तथा दोपहिया वाहनों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### निजी सुरक्षा गार्ड की मदद

सदर बाजार में सरफा कारोबारियों ने अपनी दुकान के पास ट्रैफिक जाम न हो, इसके लिए दुकान में तैनात सुरक्षा गार्ड की मदद ली। सुरक्षा गार्ड दुकानों के आस-पास वाहनों की व्यवस्थित तरीके से पार्किंग कराने के साथ मार्ग क्लीन कराने का काम कर रहे थे।

बांधवगढ़ में पांच वर्ष पूर्व पहुंचे सात हाथियों की विषैला चारा चरने से मौत

# दो क्षेत्रों में काल के ग्रास बने 10 गजराज घरघोड़ा में श्रद्धांजलि देने जुटा हाथी परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंसानी संवेदना की तरह हाथियों में भी संवेदना पाई जाती है, इसका उदाहरण घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में करंट से तीन हाथी शावकों की मौत के बाद देखने को मिला। करंट से मरे हाथियों को जहां दफनाया गया था, उस जगह पर हाथी परिवार श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इसकी पुष्टि रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने भी की है। श्रद्धांजलि देने का वीडियो ड्रोन कैमरे से बनाया गया है। मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जिन सात हाथियों की मौत हुई थी, वो हाथी पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ से बांधवगढ़ पहुंचे थे।

- करंट से मौत वाले हाथियों को जहां दफनाया गया, वहां हाथी दल के पहुंचकर श्रद्धांजलि देने का वीडियो वायरल

गौरतलब है कि पांच दिन पूर्व 12 साल की एलू मदर हाथी सहित तीन मादा हाथी की करंट से मौत हुई थी। मरने वाले हाथियों की उम्र ढाई से 12 वर्ष के बीच की है। इस लिहाज से मरने वाले सभी हाथी शावक थे। हाथी परिवार में अपने शावकों से विशेष प्रेम रहता है। हाथी परिवार में आपसी सामंजस्य के साथ सहभागिता के गुण पाए जाते हैं। परिवार के किसी सदस्य से बिछड़ने पर हाथी परिवार व्यथित होने के साथ शोक मनाता है।



***कई दिनों तक शोक मनाते हैं :*** वन्यजीव प्रेमी के अनुसार दल में शामिल किसी हाथी के मौत होने के बाद दल में शामिल सदस्य कई दिनों तक मृत हाथी के पास रहकर शोक मनाते हैं। दल में शामिल सदस्य अपनी सूंड से मृत हाथी की बॉडी को स्पर्ष करते हैं। किसी शावक की मौत होने के बाद शावक की मां अपने बच्चे की लाश के पास कई दिनों तक खड़ी रहती है।

### मौत पर शोक व्यक्त करते हैं : सिंघवी

वन्यजीव प्रेमी नितीन सिंघवी के मुताबिक हाथी परिवार में जब भी किसी सदस्य की मौत हो जाती है, तो जिस जगह पर उसकी मौत हुई होती है और जहां मृत हाथी की हड्डी पड़ी रहती है, हाथी परिवार वहां से जब भी गुजरता है, वहां रुककर सूंघता है, समझता है, जो एक प्रकार के उसका शोक जताने का तरीका है। श्री सिंघवी के मुताबिक जंगल में हाथी मर जाएगा और मरने के बाद सड़कर हड्डी रह जाएगी, वहां से कोई हाथी परिवार गुजरता है, तो वह गुजरते वक्त सूंघते हुए मृत हाथी के कंकाल के पास पहुंचता है।

### छत्तीसगढ़ से लेकर मध्यप्रदेश में सुरक्षित नहीं हाथी

मध्यप्रदेश के वनों में जो हाथी विचरण कर रहे हैं, वह हाथी छत्तीसगढ़ के हैं। मध्यप्रदेश के कान्हा, संजय दुबारी तथा बांधवगढ़ में 70 के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। बांधवगढ़ में विषैला चारा चरने से जिनकी चारा खाने से मौत हुई है, उन हाथियों के गुरु घासीदास नेशनल पार्क या मरवाही के रास्ते मध्यप्रदेश पहुंचने की संभावना वन्यजीव के जानकारों ने व्यक्त की है। मृत हाथी पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ के जंगल से मध्यप्रदेश पहुंचे थे और वहां स्थायी रूप से रहे थे।

प्रदेशभर के 2058 सहकारी समिति के 13 हजार कर्मचारी करेंगे आंदोलन

# सहकारी समिति के कर्मचारी 4 नवंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल, 14 से धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर की 2058 सहकारी समिति में कार्यरत 13 हजार कर्मचारियों ने अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि प्रदान करने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान करने की मांग की गई है। वहीं राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ करने की तैयारी है।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर की सहकारी समिति के 13 हजार कर्मचारियों ने अपने 3



सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू का कहना है, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक तरफ जहां प्रदेश की सहकारी समितियों में 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की तिथि घोषित की गई है, वहीं दूसरी ओर विडंबना ये है कि पिछले साल की धान खरीदी का कमीशन अब तक नहीं मिला। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान की राशि अभी तक समितियों को प्राप्त नहीं हुई है। इसके कारण धान खरीदी की तैयारी सहित कर्मचारियों को दीपावली पूर्व वेतन मिलना दूभर हो गया है। कर्मचारियों का ये भी कहना है कि लंबित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, खाद्य मंत्री सहित सहकारिता सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर ध्यान आकर्षित करा चुके हैं, इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धान खरीदी नीति का आदेश हो गया है, जिसमें 72 घंटे में धान उठाव का प्रावधान था, उसे हटा दिया गया है।

महासंघ द्वारा जनदर्शन में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा गया कि धान खरीदी में सूखत नहीं तो धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा, पर अभी तक इस दिशा में पहल नहीं की गई। इससे प्रदेश के 13 हजार कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। लंबित मांग पूरी नहीं होने पर 4 नवंबर से सहकारी समितियों के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है, उनकी इस हड़ताल से प्रदेश में धान खरीदी, रबी फसल के ऋण वितरण, राशन वितरण प्रभावित होगा।

### इस तरह से चला चरणबद्ध आंदोलन

- 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 33 जिलों के सहकारी समितियों में काली पट्टी लगाकर किया काम।
- 21 व 22 अक्टूबर को 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन।
- 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी व प्रदर्शन।
- 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं इसलिए संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन।

## पेज 7 के शेष ...

### तीन मरीजों की आंखों का जोखिम अब...

पर मरीजों की आंखों की रोशनी बचाने का प्रयास कर रही है, जिसमें काफी हद तक सफलता मिल रही है। बुधवार को एआईओएस के प्रतिनिधि के रूप में एडवर्स इवेंट्स रिपोर्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. उदय गाजीवाली, राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अरविंद कुमार मौर्या तथा शैक्षणिक एवं अनुसंधान समिति एवं रेटिना विशेषज्ञ डा. प्रशांत केशाओ बावनकुले आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने प्रभावित सभी मरीजों की जांच की और दी जा रही उपचार प्रक्रिया पर संतुष्टि जताई। सूत्रों के अनुसार जिन 14 मरीजों की आंखों की रोशनी लौटने की उम्मीद जताई गई है, उन्हें इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। तीन मरीज ऐसे हैं, जिनकी आंखों में संक्रमण काफी ज्यादा फैल चुका है और रोशनी जाने का जोखिम बना हुआ है। नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा दिए गए सुझाव के आधार पर इन मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा।

### पटाखों से झुलसने वालों के लिए...

फिर रविवार को छुट्टी रहेगी। दिवाली के दौरान सामान्य उपचार व्यवस्था बंद होने की वजह से ट्रामा एंड इमरजेंसी यूनिट के माध्यम से मरीजों को सुविधा प्रदान की जाएगी। आंबेडकर अस्पताल में रोटेशन के आधार ड्यूटी में चिकित्सकों को मौजूद रहने की सख्त हिदायत की गई है। इसके साथ ही इमरजेंसी यूनिट के करीब बीस बेड को आपात व्यवस्था से निपटने के लिए पूर्ण सुविधायुक्त बनाया गया है। इसी तरह डीके अस्पताल में इमरजेंसी के साथ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी यूनिट के अलर्ट रखा गया है। पटाखा अथवा किसी अन्य वजह से गंभीर रूप से झुलसने वाले मरीजों को यहां उपचार की सुविधा दी जाएगी। संबंधित विभाग में दो डाक्टर रोटेशन आधार पर अस्पताल में तैनात रहेंगे। इसके अलावा कंसलटेंट डाक्टर अलग-अलग दिनों में ऑनकाल ड्यूटी करेंगे। बड़ी घटना होने पर सूचना मिलते ही वे भी अस्पताल पहुंचेंगे। इसके अलावा जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आपात व्यवस्था को चौकस रखा गया है। हेल्थ सेंटरों में प्रसव सहित अन्य समस्या लेकर आने वाले मरीजों को आवश्यक इलाज के लिए डाक्टरों को ड्यूटी लगाई गई है।

### गाली-गलौज से दोस्त बने...

आसपास के लोग गंभीर रूप से घायल नारायण को उपचार के लिए नजदीक के एक अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक का शव पुलिस ने दूसरे दिन परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### नौ बार चाकू से हमला...

लेकर आई, तब भी वह नशे में चूर था। बताया जा रहा है, चाकू मारने के बाद कुछ लोगों ने नाबालिग को पकड़ने की कोशिश भी की। बदमाश ने पकड़ने की कोशिश करने वाले लोगों पर भी चाकू से हमला करने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### राजधानी में छाए रहे बादल, बस्तर...

किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ। पिछले चौबीस घंटे में रात का तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक था। वहीं दिन का अधिकतम तापमान दो डिग्री अधिक था। आज भी सुबह के वक्त बादल छाए रहे। नमी के असर से बस्तर में हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधि बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में ओरछा, कोहकामेट में 4 सेमी. तक वर्षा हुई है। माना जा रहा है कि नवंबर के पहले सप्ताह में ही मौसम में बदलाव होने की उम्मीद है।

## बिजनेस साइट

### डॉ. सुनील कालडा करेंगे पटाखों से झुलसे लोगों का निशुल्क उपचार



**रायपुर।** दीवाली के दौरान पटाखों से होने वाले जलने की घटनाओं को देखते हुए, प्रदेश के पहले निजी बर्न सेंटर, कालडा प्लास्टिक कॉस्मेटिक एवं बर्न सेंटर के संचालक और जाने-माने प्लास्टिक सर्जन डॉ. सुनील कालडा ने इस बार दीवाली में पटाखों से जलने पर 2 दिन का निशुल्क प्राथमिक उपचार और सलाह प्रदान करने की घोषणा की है। यह सेवा पचपेढी नाका, धमतरी रोड और जी.ई. रोड, राजकुमार कॉलेज के सामने स्थित अस्पताल में उपलब्ध होगी।

### शाहीन ग्रुप का निशुल्क आवासीय सीयूईटी कोचिंग, आज अंतिम दिन

**रायपुर।** शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के लिए निशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम की घोषणा की है। इसका उद्देश्य वंचित पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली छात्रों को उच्च शिक्षा में मदद करना है। इस कार्यक्रम के तहत योग्य उम्मीदवारों की पहचान के लिए 2 नवम्बर को योग्यता परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा इकरा हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, राजातालाब पंडरी, रायपुर में होगी।

### रायपुर में श्री राधे जेम्स एंड ज्वेलरी का भव्य उद्घाटन, उच्च गुणवत्ता और विविधता का नया केंद्र



**रायपुर।** प्रतिष्ठित रत्नों की दुकान श्री राधे जेम्स एंड ज्वेलरी ने अपने पुनर्निर्मित स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। यह नया स्टोर एसबीआई एटीएम के सामने, बुधापारा ढलान, सदर बाजार, रायपुर में स्थित है और इसे गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है। श्री राधे जेम्स एंड ज्वेलरी ने 2016 में रत्नों के व्यापार में कदम रखा और 23 जून 2019 को अपना पहला स्टोर खोला। अब, पुनः उद्घाटन के साथ, ग्राहक यहां बहुमूल्य और अर्द्ध-कीमती रत्नों की एक विस्तृत श्रृंखला का आनंद ले सकेंगे। स्टोर का नया रूप ग्राहकों के अनुभव को और भी बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिससे यह रत्न प्रेमियों का एक प्रमुख गंतव्य बन गया है।

### धनतेरस पर विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने की 100 से अधिक कारों की डिलीवरी



**रायपुर।** मारुति सुजुकी के अधिकृत डीलर विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने धनतेरस के शुभ अवसर पर 100 से अधिक नई कारों की डिलीवरी का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने अपने सम्मानित ग्राहकों को उनकी नई कारों की चाबियां सौंपकर खुशी का अनुभव किया। इस उपलब्धि को केवल व्यवसायिक सफलता नहीं, बल्कि 100 से अधिक परिवारों की खुशियों में भागीदार बनने के रूप में देखा गया है। विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स की टीम ने सभी नए मारुति सुजुकी मालिकों के लिए सुरक्षित और आनंदमय यात्राओं की कामना की हैं।

### ओम हॉस्पिटल में पटाखों से जलने वाले लोगों का निशुल्क उपचार



**रायपुर।** महादेव घाट रोड स्थित ओम हॉस्पिटल में दिवाली के अवसर पर पटाखों से जलने वाले मरीजों का प्राथमिक उपचार और परामर्श 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को पूर्णतः निशुल्क प्रदान की जाएगी। हॉस्पिटल के डायरेक्टर और वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. कमलेश ने अनुरोध किया कि पटाखे जलाते समय बच्चों का विशेष ध्यान रखें। उन्हें अकेला न छोड़ें और पटाखों से पर्याप्त दूरी बनाएं।

### एसबीआई ने दिवाली पर किया सामाजिक पहल

**रायपुर।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने दिवाली और धनतेरस के अवसर पर एक विशेष पहल की। बैंक ने रायपुर क्षेत्र के विभिन्न एटीएम को आकर्षक ढंग से सजाया, जिसमें सड़क किनारे के बैठने वाले विक्रेताओं से खरीदे गए धान के तोरण और झालरों का इस्तेमाल किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिवाली की खुशियों को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना और गरीब फेरीवालों की आर्थिक मदद करना था। सामाजिक जिम्मेदारी के तहत, बैंक ने फुटपाथ पर बैठे फेरीवालों को मिठाइयां भी वितरित कीं।

### प्रथम सिल्वर में हॉलमार्क युक्त चांदी की ज्वेलरी एवं आर्टिकल्स उपलब्ध



**रायपुर।** मेन रोड पंडरी स्थित 'प्रथम सिल्वर' नामक शोरूम में हॉलमार्क युक्त चांदी की ज्वैलरी और आर्टिकल्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। इस शोरूम में आकर्षक डिज़ाइन के चांदी के बर्तन, भगवान की मूर्तियां और गहनों का विशाल संग्रह ग्राहकों के लिए पेश किया गया है। दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए 'प्रथम सिल्वर' ने विशेष रूप से बीआईएस हॉलमार्क सिल्वर ज्वैलरी और आर्टिकल्स की एक विस्तृत श्रृंखला तैयार की है, जो बाजार में मांग में है। शोरूम में मौजूद सभी प्रोडक्ट्स का आकर्षक कलेक्शन ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहा है।

### लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स: एसर का नया गूगल टीवी, प्रदेश में बढ़ती मांग



**रायपुर।** मोबाईल सेट्स और एलईडी टीवी का एक्सक्लूजिव शोरूम लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स और शॉपिंग मॉल में एसर का नया गूगल टीवी पेश किया गया है, जिसे प्रदेश में बेहतरीन डिमांड मिल रही है। इसमें पहली बार गूगल एंड्राइड 14 एआई प्रोसेसर का उपयोग किया गया है, जो इसे खास बनाता है। 32 इंच से 85 इंच तक के विभिन्न आकारों में उपलब्ध, एसर के नए क्यू-लेड और जी सीरीज गूगल टीवी में नई रेंज पेश की गई है। धनतेरस और दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए, संचालक राजेश वासवानी और कैलाश वासवानी ने नए 4के अल्ट्रा एचडी टीवी की जानकारी दी। इनकी कीमतें 12,999 रुपये से शुरू होती हैं।

### शिक्षा इलेक्ट्रिक व्हीकल में स्कूटी की बुकिंग और सेल्स शुरू

**रायपुर।** शिक्षा इलेक्ट्रिक व्हीकल में नई स्कूटी की बुकिंग और बिक्री शुरू हो चुकी है। इस स्कूटी की कीमत मात्र 59,990 रुपये रखी गई है। लक्ष्मी पूजा के अवसर पर नगद खरीद पर 3,001 रुपये की अतिरिक्त छूट भी उपलब्ध है। शोरुम के संचालक ने बताया कि खुशी की बात यह है कि हमारे वाहन अब रायपुर शहर में ही निर्मित हो रहे हैं, जिससे ग्राहकों को वारंटी और गारंटी की सुविधा तुरंत मिल सकेगी। हमारे प्रतिष्ठान और डीलर सदैव आपके सेवा में तत्पर हैं। शोरूम बी. शर्मा काम्पलेक्स ग्रामीण बैंक के बाजू भनपुरी, कबीर नगर और राजकुमार कॉलेज के सामने ट्रेड्स के पास स्थित है।

### दीपावली पर राजधानी ई-रिक्शा एंड मोटर्स का खास ऑफर

**रायपुर।** रिंग रोड नं. 1 अभिनंदन पैलेस के पास कुशालपुर चौक स्थित राजधानी ई-रिक्शा एंड मोटर्स ने दीवाली के मौके पर खास ऑफर की घोषणा की है। संचालक प्रशांत शर्मा ने बताया कि बादशाह कंपनी के ई-रिक्शा पर ग्राहक 10% की तत्काल छूट का लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही आर.टी.ओ. द्वारा भी ग्राहकों को 10% की अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिससे कुल छूट 20% हो जाएगी। यह ऑफर दीवाली तक लागू रहेगा और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भाजपा के सुनील करोड़पति कांग्रेस के आकाश लखपति

आकाश की पत्नी के पास 1 करोड़ से अधिक की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों के शपथ पत्र में सुनील सोनी के पास कुल चल व अचल संपत्तियां 2.13 करोड़ रुपये की हैं, जबकि कांग्रेस के आकाश शर्मा के पास अचल संपत्तियां है ही नहीं। उनके पास सिर्फ बैंक में जमा व अन्य को मिलाकर कुल 19.46 लाख रुपये हैं। उनकी पत्नी की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है।

भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी की आय का जरिया कृषि और लोकसभा से मिलने वाला वेतन है। आकाश शर्मा ने अपनी आय का जरिया ठेकेदारी बताया है। श्री सोनी की पत्नी तारा सोनी व्यवसाय करती हैं। उनकी कुल संपत्ति 48 लाख





73 हजार बताई गई है। श्री शर्मा की पत्नी अपूर्वा शर्मा आर्किटेक्ट के साथ इंटीरियर डिजाइनर हैं। दोनों प्रत्याशी ने बीकाम की डिग्री ली है।

#### सोनी के पास एक्टिवा आकाश के पास वाहन नहीं

वाहन के मामले में श्री सोनी के पास केवल एक दोपहिया एक्टिवा गाड़ी है। आकाश के नाम पर कोई वाहन नहीं है, लेकिन उनकी पत्नी के नाम पर चार गाड़ियां हैं, इनमें दो चार और दो, दोपहिया वाहन हैं।

#### आभूषण के मामले सोनी आगे

आभूषणों के मामले में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी आगे हैं। उनके पास करीब साढ़े 10 लाख का सोना है। परिवार के बाकी दो सदस्यों के सोना-चांदी के आभूषणों को शामिल करने के बाद उनके यहां कुल करीब 54 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात हैं। इधर, कांग्रेस के आकाश शर्मा ने अपने शपथ पत्र में बताया है कि उनके पास कोई आभूषण नहीं है, लेकिन उनकी पत्नी के पास जो सोने और चांदी के आभूषण हैं, उनकी कुल कीमत 52 लाख रुपये से अधिक है।

#### आकाश पर चार आपराधिक मामले

आपराधिक प्रकरणों के मामले में सुनील सोनी पर एक आपराधिक मामला लंबित है, मामले में दोषसिद्ध होने के बाद दूसरे पक्ष ने हाईकोर्ट में अपील की है। वहीं आकाश शर्मा पर चार आपराधिक प्रकरण लंबित हैं, जो न्यायालय में लंबित हैं।

## पेंशनरों को महंगाई भत्ता दिवाली का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने प्रदेश के पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी किया है। यह पेंशनरों के लिए दिवाली का तोहफा माना जा रहा है। राज्य शासन के निर्णय के मुताबिक पेंशनर, परिवार पेंशनरों को सातवें वेतनमान में मूल, परिवार पेंशन का 4 प्रतिशत तथा छटवें वेतनमान वालों को मूल पेंशन, परिवार पेंशन का 9 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। यह आदेश 1 अक्टूबर से प्रभावी माना जाएगा। सेवानिवृत पेंशनरों के पेंशन राहत में भी 1 अक्टूबर 2024 से 4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 46 से 50 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं छठवें वेतनमान में पेंशन प्राप्त करने वालों के महंगाई राहत को भी 1 अक्टूबर 2010 से 239 प्रतिशत कर दिया गया है।

#### जल्द भुगतान के निर्देश

इस आदेश में सरकार ने कहा है कि ऐसे पेंशनर्स जिन्होंने अपनी पेंशन का एक भाग सारांशीकृत कराया है, उन्हें महंगाई राहत उनकी मूल पेंशन पर दी जाएगी। आदेश में राज्य शासन के सभी कोषालय अधिकारियों, उपकोषालय अधिकारियों तथा पेंशन वितरणकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि राज्य शासन के सिविल पेंशनरों को प्रावधान के मुताबिक शीघ्र महंगाई राहत का भुगतान किया जाए।

## लोक निर्माण विभाग के 47 अधिकारियों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग में अभियंताओं की दीपावली की खुशियां दुगुनी हो गई हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने बुधवार को मंत्रालय से 47 अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा 41 उप अभियंताओं को सहायक अभियंता और चार मानचित्रकारों को सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया है। विभाग ने आज दो अभियंताओं को 29 मई 2020 से भूतलक्षी प्रभाव से मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति के भी आदेश जारी किए हैं। इन पदोन्नत अधिकारियों की पदस्थापना बाद में की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले कई वर्षों से अभियंताओं की लंबित पदोन्नति के आदेश चालू अक्टूबर में जारी किए गए हैं। हाल ही में 14 अक्टूबर को 51 अधिकारियों को भी पदोन्नत किया गया था। इनमें तीन कार्यपालन अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता तथा 48 सहायक अभियंताओं को कार्यपालन अभियंता के रूप में पदोन्नति दी गई थी।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अमलीडीह की सफाई व्यवस्था का जायजा, तालाब की सफाई करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के जोन 10 के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड की सफाई व्यवस्था का क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री साहू ने वार्ड की दुकानों के सामने नाली के ऊपर बनाए गए कवर को हटाकर सफाई कराने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए। अमलीडीह तालाब में गंदगी देखकर तालाब की सफाई तुरंत कराने जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा को दिशा निर्देश दिए। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू अपने क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर वार्डवासियों से सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने अलग-अलग वार्डो में भ्रमण कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को रायपुर नगर निगम के जोन 10 स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के विभिन्न कॉलोनी एवं अमलीडीह बस्ती जाकर वहां की सफाई व्यवस्था की धरातल पर पड़ताल की। इस दौरान जोन आयुक्त को वार्ड में साफ सफाई बेहतर रखने और अमलीडीह तालाब को स्वच्छ रखने दिशा-निर्देश दिए।

**समाचार का खण्डन**

हमारे पक्षकारगण श्री. संजय महन्ती एवं श्री अमीत महन्ती निवासी- म.नं. 15 खुशी वाटिका अमलीडीह रायपुर छ.ग. के विरूद्ध श्रीमती सुगन्धा सिंह भण्डारी निवासी मकान नं. 289/197 साधना मण्डप के पास वी आई पी रोड अमलीडीह रायपुर छ.ग. द्वारा मकान खाली करने के एवज में दस लाख रूपये मांग करने की रिपोर्ट थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में दर्ज करायी है। जिसकी जानकारी दैनिक समाचार पत्र हरि भूमि में दिनांक 29.10.2024 में छपी है।

वास्तविकता यह है कि श्रीमती सुंगधा सिंह भंडारी पति जयंत उर्फ जयेन्द्र सिंह भंडारी ने झूठी रिपोर्ट की है। हकीकत यह है कि हमारे पक्षकारागण का पारिवारिक एवं व्यवसायिक संबंध विगत 14 वर्षो से होने से श्रीमती सुगंधा सिंह भंडारी एवं उसके पति से उक्त मकान नं. 15 खुशी वाटिका अमलीडीह रायपुर छ.ग. को क्रय कर विधिवत दाखिल व काबिज हो कर सपरिवार निवासरत है। कभी भी किसी ने कोई आपत्ति नहीं किया है। चूंकि वर्तमान में उक्त मकान की कीमत बढ़ गई है और इस कारण लालचवश श्रीमती सुगंधा सिंह भंडारी मकान की रजिस्ट्री हमारे पक्षकारगण के पक्ष में करने से बचने के लिए झूठी रिपोर्ट कर परेशान कर रहीं है।

हमारे पक्षकार किरायेदार नहीं है वरन मालिक है। श्रीमती सुगंधा सिंह भंडारी का हमारे पक्षकारगण किरायेदार होते तो श्रीमती सुगंधा सिंह भंडारी मकान खाली कराने के लिए माननीय न्यायालय श्रीमान भाड़ा नियंत्रण अधिकारी रायपुर छ.ग. के न्यायालय में प्रकरण दायर करती। थाना में मकान खाली कराने हेतु झूठी रिपोर्ट नहीं करती। सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 30.10. 2024

भवदीय,
एस. के. शर्मा, अधिवक्ता
श्रीमती विभा तिवारी अधिवक्ता
आशा दीप विद्यालय के पास चंगोरा भाठा
रायपुर तह, व जिला - रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98271 31115

## शहीद संत कंवरराम साहेब का शहादत दिवस 1 को



**रायपुर।** संत कंवरराम नगर (कतोरातालाब) युवा परिषद् के अध्यक्ष और संत कंवरराम सेवा समिति के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश मध्यानी एवं महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि 1 नवंबर को अमर शहीद संत कंवरराम साहेब के शहादत दिवस पर संत कंवरराम नगर (कतोरातालाब) स्थित संत कंवरराम चौक रात्रि 9:30 बजे महाआरती 85 दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी और रात्रि 10 बजे 2 मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ साईं कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIFE
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
• हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन)
एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

CCTV Biometrics Fire Safety Video Conf. Networking & IT Solutions Vehicle Traking
Fire Detection Boom Barrier Gate Automn Audio Conf Smart Class Set up Walky Talky Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

मानसरोवर
Bedsheet Factory
FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलाब, रायपुर 78800-02708

शुभ लाभ



# दीपावली

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

दिवाली का पर्व भारत में विशेष धूमधाम से मनाया जाता है और इसके पीछे कई धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताएं हैं। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की, अज्ञान पर ज्ञान की, और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

## दीपावली पर लक्ष्मी पूजा का महत्व

माँ लक्ष्मी धन की देवी हैं, यह हम सभी जानते है। माँ लक्ष्मी की कृपा से ही ऐश्वर्य और वैभव की प्राप्ति होती है। कार्तिक अमावस्या की पावन तिथि पर धन की देवी को प्रसन्न कर समृद्धि का आशीर्वाद लिया जाता है। दीपावली से पहले आने वाले शरद पूर्णिमा के त्योहार का मां लक्ष्मी के जन्मोत्सव की तरह मनाया जाता है। फिर दीपावली पर उनका पूजन कर धन-धान्य का वर लिया जाता है।

## दिवाली मनाने का उद्देश्य

दिवाली का मुख्य उद्देश्य अच्छाई, प्रकाश और प्रेम का प्रसार करना है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि चाहे जीवन में कितना भी अंधकार हो, ज्ञान, सत्य और प्रेम के दीप जलाकर उसे दूर किया जा सकता है। यह हमारे मन, घर और समाज में सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक है इस प्रकार, दिवाली के दिन लोग घरों में दीप जलाते हैं, देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं और एक-दूसरे के साथ खुशियाँ साझा करते हैं।

Contact for ad- 8766276107



# राजधानी
## ई-रिक्शा एण्ड मोटर्स

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...



बादशाह लाएं, घर का बादशाह बनें

छत्तीसगढ़ में पहली बार हाथ एवं पैर एक्सीलेटर से चलने वाला पहला ई-रिक्शा



आज अंतिम दिन

R.T.O. सब्सिडी 10% गाड़ी लेने के पहले व 10% गाड़ी लेने के बाद पाएं

- लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
- 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
- ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन

मात्र 35000/- डाउनपेमेंट

रिंग रोड नं. 1, अभिनंदन मैरिज पैलेस के बाजू में कुशालपुर चौक, रायपुर (छ.ग.)
तरूण बाजार के पास मेन रोड, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.)
E-mail : e.rickshaw.rajdhani@gmail.com
9826130597, 9826850022



मात्र ₹59990/-

SAMPOORN EV
A BRAND AGNOSTIC EV ECOSYSTEM

मात्र ₹59990/-

"अपने जीवन संगीनी को दे ऐसा उपहार जो सदा रहे उनके साथ, इस **दीपावली** पर स्कूटी खरीदें और पाएं **3001/-** रु. की नगद छूट !"

साथ ही आकर्षक उपहार




हमारे संस्थान

Distributor 8319800009, 9691153470

- शिक्षा ई. वी. बी शर्मा काम्प्लेक्स भनपुरी चौक, ग्रामीण बैंक के बगल, रायपुर (हेड ऑफिस)
- शिक्षा ई. वी. राजकुमार कॉलेज के सामने, ट्रेंड्ज के बगल, रायपुर
- शिक्षा ई. वी. कबीर नगर जे. पी. चौक, रायपुर

OPEN DEALER

- ओम हिरो इलेक्ट्रिक, बसना
- बाबा दीप सिंग पावर हाउस, भिलाई
- देवांशी इंटरप्राइजेस, भखारा
- कान्हा कुंवर दादरा, कांकेर
- श्री ई व्हीकल रोहिणीपुरम, रायपुर

डीलर की आवश्यकता हैं

रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, महासमुन्द, राजनांदगाव, धमतरी, बलौदाबाजार, कोंडागांव, खैरागढ़



GK Electric

चलिए चलें सुनहरे भविष्य की ओर
GK Electric के साथ



G.K. E-VEHICLES INDUSTRIES PVT. LTD.
Email: dd@gkelectric.in, For Dealership Enquiry: +91 8966006472, Call: 9205323757

We help you keep moving in life..

Over 62 years in automobile industry partnering with the most reputed brands in the country



| | | | |
|---|---|---|---|
| G.K. Honda 80582 54444 | TATA MOTORS OM AUTOWHEELS 93110 60060 | GK JCB Raipur - 73036 25888 Nagpur - 70655 50066 | GK Electric 0771-6678857 |
| GK CARS & BIKES 97534 89090 | G.K. Ford 96171 05000 | GK COZY CRIBS 62629 88899 | GK INSURANCE BROKERS PVT LTD 98998 22799 |

Corporate Office Geekay House, G.E. Road, Telibandha, Raipur
GKGroupRaipur gkgroupraipur GKGroupRaipur

# छठ पूजा से पहले महादेवघाट की सफाई, मंदिर की तरफ का घाट हुआ स्वच्छ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

5 नवंबर से शुरू होने वाले छठ पूजा महापर्व से पूर्व राजधानी के ऐतिहासिक महादेवघाट को स्वच्छ रखने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सफाई अभियान चलाया है। सप्ताहभर पूर्व जोन 8 कमिश्नरी के माध्यम से गैंग लगाकर पहले मंदिर के तरफ वाले घाट की सफाई कर भारी मात्रा में गंदगी बाहर निकाली गई।

इसके बाद पुल के नीचे वाले हिस्से में जलीय वनस्पति सहित अन्य तरह के कचरे को बाहर निकालकर घाट की स्वच्छता कायम की गई। इसके सथ ही विसर्जन कुंड के आसपास जमा लकड़ियों के ढांचे की नीलामी कर अनुबंधित ठेकेदार से आसपास के इलाके को साफ कराने का काम पूरा हो गया है।

### छठ पूजा महापर्व आयोजन समिति 2 नवंबर से घाट की रंगाई पुताई कराएगी



- डंपर, जेसीबी, पोकलेन लगाकर कचरे का परिवहन
- नगर निगम जोन 8 गैंग और सेंट्रल गैंग का सहयोग

### विसर्जन कुंड के आसपास जमा ढांचे की नीलामी, अनुबंधित ठेकेदार ने हटाया ढांचों का ढेर

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान विसर्जन कुंड में जमा ढांचों को बाहर निकालने के बाद परिसर को साफ-सुथरा रखने जोन 8 ने ढांचों की नीलामी कराई। अनुबंधित ठेकेदार ने स्थल पर जमा लकड़ियों के ढांचे सहित अन्य सामग्री वहां से हटा दी है। इसके बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान कुंड में जमा मिट्टी को मशीन से हटाकर सुरक्षित जगह पर रखवा दिया है।

दरअसल सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा से पहले राजधानी के महादेवघाट की सफाई के लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नरी ने सप्ताहभर से स्वच्छता अभियान चलाया है। इसकी शुरुआत मंदिर के तरफ वाले घाट किनारे की सफाई कर की गई।

सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में जमा हुआ कचरा निकाला गया। जिस जगह पर नौकाएं खड़ी की जाती थीं, वहां भी सफाई के लिए कर्मचारी लगाए गए। साथ ही पुल के नीचे वाले हिस्से में जमा जलीय वनस्पति , पूजन सामग्री, कचरों के ढेर को गोताखोरों और जोन गैंग तथा सेंट्रल गैंग के सफाई कर्मचारियों ने बाहर निकालकर सफाई की। घाट की सफाई होने से अब महादेवघाट स्वच्छ दिखने लगा है। इसे छठ पूजा के लिए तैयार किया जा रहा है।

### 2 नवंबर से छठ पूजा महापर्व समिति कराएगी घाट की रंगाई पुताई

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर 2 नवंबर से महादेवघाट को छठ पूजा के लिए तैयार करने का कार्य शुरू कर देगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समिति के पदाधिकारी मिलकर इस दिन सुबह से ही घाट की सफाई, धुलाई के साथ ही सुंदर पुताई का कार्य कराते हुए घाट को छठी मइया की पूजा अर्चना के लिए तैयार करेंगे। यहां हर साल की तरह इस साल भी बड़ी संख्या में व्रती छठ महापर्व को उत्साह के साथ मनाने परिवार के साथ पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व प्रारंभ होगा।

## खबर संक्षेप



### एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राहमण समाज ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन

**रायपुर।** कलेक्ट्रेट राजस्व शाखा में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में प्राप्त सुसाइडल नोट में अंकित मौत के लिए जिम्मेदार एडीएम स्तर के तीन अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने राजभवन में बुधवार को कंट्रोलर से मिलकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि, अधिकारियों ने 'ब्राह्मण को भगाओ' जैसे जाति सूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित किया है। उपाध्याय द्वारा कलेक्टर को तीन बार की गई शिकायत को अनदेखा किया गया। झूठी शिकायत कर उपाध्याय का ट्रांसफर खरोरा कर दिया गया, जिसके चलते आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ा। समाज के उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में मांग की कि अधिकारियों की प्रताड़ना से आत्महत्या किया गया है, इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल अधिकारियों के निलंबन एवं आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के तहत एफआईआर किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से राजेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, जेपी शर्मा, मुन्ना मिश्रा, नीरज शर्मा, अजय जोशी, सुमित शर्मा, धनंजय शर्मा, मुकेश मिश्रा, नीतीश शुक्ला, श्लोक शर्मा, दीपक शर्मा, मनीष तिवारी सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

### दूधाधारी मठपारा में गौरी गौरा उत्सव कल

**रायपुर।** प्राचीन दूधाधारी मठपारा में गौरी गौरा उत्सव गौरा चौरा में 1 नवंबर को सुबह 6 बजे से मनाया जाएगा। गौरी गौरा का विसर्जन चिरंजीव तालाब में किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग नेता सूरज निर्मलकर ने प्रतिस्पर्धा करने के लिए झांकी का स्वरूप प्रदान किया और पारितोषिक वितरण भी करते हैं। स्वयंसेवक दूधाधारी मठपारा के अनेक स्थानों पर पेयजल और प्रसाद की भी व्यवस्था करते हैं। पारितोषिक वितरण में पिछड़ा वर्ग नेता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पार्षद मनोज वर्मा, चंद्रपाल धनगर, सतनाम पनाग को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। कार्यक्रम स्वागत समिति के अध्यक्ष जीवनलाल ध्रुव को बनाया गया है। इसी प्रकार देवांगन समाज के अध्यक्ष चोवा राम देवांगन, आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम को विशिष्ट तिथि बनाया गया है, जो गौरी गौरा समिति शांतिपूर्वक झांकी निकालेगी और विसर्जन करेगी।

### धनतेरस-रूप चौदस पर मंदिरों में पूजन के लिए लगी रही नई गाड़ियों की कतारें

**रायपुर।** दीपावली त्योहार के दौरान धनतेरस और रूप चौदस के दिन राजधानी में नई गाड़ियों का बूम कारोबार हुआ है। इनमें सबसे ज्यादा दोपहिया एवं चारपहिया गाड़ियों की बिक्री हुई है। नई गाड़ियों की बिक्री के कारण शहर के आकाशवाणी स्थित मां काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी नई गाड़ियों की पूजा कराने वालों की दिनभर भीड़ लगी रही। सबसे ज्यादा भीड़ आकाशवाणी मां काली मंदिर में लगी रही, जहां दो दिन में एक सौ से ज्यादा गाड़ियों की पूजा की गई है। धनतेरस के दिन मंदिरों में 6 सौ से ज्यादा गाड़ियों का पूजन मां काली मंदिर आकाशवाणी के पुजारी ने बताया कि धनतेरस के दिन मंदिर में नई गाड़ियों की पूजा कराने दिनभर लोग आते रहे। इस दिन एक सौ से ज्यादा नई गाड़ियों की पूजा की गई है। गाड़ियों की पूजा कराने आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए मंदिर में 6 पुजारियों को लगाया गया था, ताकि गाड़ियों के कारण मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित न हो। पुजारी ने बताया कि धनतेरस के दूसरे दिन रूप चौदस को भी कई लोग नई गाड़ी पूजन के लिए दिनभर पहुंचते रहे। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी पूजा के दिन भी बड़ी संख्या में लोग नई गाड़ी के पूजन के लिए पहुंचते हैं।

### अर्ली वैरायटी के धान की कटाई भी शुरू

# धान खरीदी के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन, बढ़ेंगे किसान और रकबा

*मक्का की खरीदी भी होगी : एकीकृत किसान पोर्टल में धान एवं मक्का उपार्जन योजना को भी शामिल किया गया है। धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत माना जाएगा एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन करा लिया जाए। यह कार्य एकीकृत किसान पंजीयन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 2024-25 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पंजीयन का 31 अक्टूबर को आखिरी दिन है। जिन किसानों ने पिछले साल धान बेचा है, उन्हें पंजीयन की आवश्यकता नहीं है, लेकिन नए किसान और पिछले साल जिनका पंजीयन नहीं था, उन्हें पंजीयन करवाना होगा। इस सीजन में धान बेचने वाले किसानों की संख्या और धान का रकबा भी बढ़ने की संभावना है। हालांकि पंजीयन की अवधि समाप्त होने के बाद इस बारे में स्थिति साफ होगी। खास बात ये है कि सरकार ने इस सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है।

नामिनी के रूप में किसान के परिवार के नामित सदस्य में माता-पिता, पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, दामाद-पुत्रवधू, सगा भाई-बहन एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को मान्य किया जाएगा। किसान यदि गत वर्ष पंजीकृत नॉमिनी में परिवर्तन करना चाहता है, तो समिति स्तर पर संशोधन की कार्यवाही की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में नवीन पंजीयन कराने वाले किसान से नॉमिनी की जानकारी एकत्र किया जाएगा। हिस्सेदार, बटाईदार तथा अधिया रेगहा के तहत फसल उगाने वाले कृषकों के लिए खेत का मालिकाना हक रखने वाले कृषक स्वंय पंजीयन करा सकेगा अथवा संबंधित कृषक का नॉमिनी के तौर पर पंजीयन करा सकेगा। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में बायोमेट्रिक व्यवस्था के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन हेतु एक स्थायी खरीदी केन्द्र प्रभारी नामांकित किया जाएग। खरीदी केंद्र प्रभारी का भी आधार नंबर एकत्रित किया जाएगा।

### बायोमैट्रिक प्रणाली से होगी खरीदी

#### धान की कटाई शुरू

प्रदेश में इस समय जिन किसानों ने अर्ली वेरायटी का धान लगाया था, उनकी फसल पककर तैयार है। रायपुर सहित आसपास के इलाकों में इस वेरायटी के धान की कटाई शुरू हो गई है, लेकिन जिन किसानों ने देरी से पकने वाले धान की बुवाई की थी, उनकी खेतों में अभी फसल खड़ी है। माना जा रहा है कि अगले 15 दिनों में यहां धान की कटाई शुरू हो सकती है। सरकार ने इस साल 14 नवंबर से धान खरीदी का निर्णय लिया है। धान की कटाई के बाद भी किसानों के फसल बेचने के लिए धान की नमी कम होने का इंतजार करना पड़ता है।



#### बायोमैट्रिक प्रणाली से खरीदी

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रणाली के लिए किसान द्वारा धान विक्रय के समय धान खरीदी केन्द्र में स्वंय उपस्थित होकर या उनके द्वारा नामांकित नामिनी के द्वारा उपस्थित होकर बायोमेट्रिक आधारित खरीद प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया जा सकता है। इसके लिए किसान पंजीयन हेतु एकीकृत कृषक पंजीयन पोर्टल पर किसान का पंजीयन निर्धारित अवधि के दौरान किसान का एवं उसके एक नामिनी का आधार नंबर लिया जाएगा।

#### पंजीयन के लिए आज अंतिम दिन

खरीफ विपणन 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 1 जुलाई से किसानों का पंजीयन प्रारंभ किया गया था। सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि धान विक्रय करने वाले किसान को कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो सके। कृषक पंजीयन की प्रकिया के सरलीकरण के लिए एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन की जाएगी।

## काचीगुडा-दरभंगा के बीच दो फेरे की दीपावली और छठ पूजा विशेष ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- तीन और दस नवंबर काचीगुडा, 5, 12 नवंबर को दरभंगा से चलेगी

दीपावली और छठ पूजा पर ट्रेनों में होने वाली भीड़ के बीच यात्रियों को कन्फर्म सीट दिलाने विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन तीन और दस नवंबर को काचीगुडा और 5 तथा 12 नवंबर को दरभंगा से संचालित होगी। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर संचालित होने वाली इस ट्रेन में 22 कोच होंगे।

त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत संचालित होने वाली काचीगुडा-दरभंगा के बीच संचालित होने वाली ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन में 9.10 बजे, दुर्ग 11.55 बजे, बिलासपुर 2.30 बजे, रायगढ़ 4.25 बजे तथा तीसरे दिन 1.40 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसी तरह 5 एवं 12 नवंबर को वापसी के दौरान यह गाड़ी दरभंगा से 15.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन तीन बजे रायगढ़, बिलासपुर में 5 बजे, दुर्ग 7.48 बजे, गोंदिया 10.20 बजे स्टापेज लेगी। इस ट्रेन में 1 जनरेटर कार, 1 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 शयनयान, 5 एसीथ्री, 2 एसीटू, 1 एसी फस्ट सहित 22 कोच की सुविधा रहेगी। इसी तरह पूणे और सांतरागाछी के बीच 30 अक्टूबर के बीच चलने वाली एक फेरे की पूजा स्पेशल ट्रेन गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले गोंदिया स्टेशन में 2.5 बजे दुर्ग 4.10 बजे, रायपुर 4.50 बजे, बिलासपुर 6.55 बजे, रायगढ़ 9.5 बजे तथा तीसरे दिन 7.30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।

## रजिस्ट्री में बूम, एक दिन में 4 करोड़ 76 लाख से अधिक की हुई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली में इस बार बूम रजिस्ट्री हो रही है। त्योहार में प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री बढ़ने के कारण दीपावली के एक दिन पूर्व पंजीयन कार्यालय में 307 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 4 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक की आय हुई है। इससे पूर्व धनतेरस के दिन भी 3 सौ से अधिक रजिस्ट्री हुई है। इस तरह दो दिन में करीब 9 करोड़ रुपए की रजिस्ट्री हुई है।

त्योहार के कारण पंजीयन कार्यालय में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पंजीयन कार्यालय में सुबह 10 बजे से ही रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी, जो शाम तक रही। दिनभर में रजिस्ट्री के पांचों उप पंजीयकों के यहां 307 रजिस्ट्री हुई है। उप पंजीयकों में एसएसआर-1 में 72, एसएसआर-2 में 66, एसएसआर-3 में 75, एसआर-4 में 46 एवं एसआर-5 में 48 रजिस्ट्री हुई है। इन रजिस्ट्री से रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 1 करोड़ 87 लाख 59 हजार 532 रुपए तथा स्टाम्प शुल्क से 2 करोड़ 89 लाख 38 हजार 130 रुपए प्राप्त हुआ है। पंजीयक विनोज कोचे ने बताया कि लक्ष्मी पूजा के दिन भी रजिस्ट्री से अच्छी आय होने की उम्मीद है। इस दिन भी बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले रखा है।

## दीपावली पूर्व भाठागांव की डेयरी में छापा, 50 किलो पनीर जब्त, नकली का संदेह

- पनीर, पॉम ऑयल, मिल्क पावडर के सैंपल लिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली पर खपाए जाने के लिए नकली पनीर तैयार किए जाने के संदेह में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम भाठागांव की डेयरी में दबिश दी। संदेह के आधार पर वहां तैयार 50 किलो पनीर जब्त किया गया है। डेयरी से लूज पनीर के सैंपल, पॉम ऑयल तथा दूध पावडर की जांच के लिए सैंपल लिया गया है।

सूचना मिली थी कि भाठागांव के समीप बंसल डेयरी में त्योहार पर खपाने के लिए बड़ी मात्रा में नकली पनीर तैयार किया जा रहा है। संदेह के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी राखी ठाकुर, नमूना सहायक होरिन्द्र देवांगन तथा राजेश सोनी ने वहां दबिश दी। जांच के दौरान वहां लगभग पचास किलो पनीर मिला, जिसे संदेह के आधार पर जब्त कर लिया गया है। वहीं पनीर बनाने में उपयोग किए जाने वाले मिल्क पावडर, रिफाइंड तेल के सैंपल लेकर जांच के लिए खाद्य विभाग के लैब भेजा गया है। अधिकारियों ने संबंधित डेयरी में पनीर बनाने की प्रक्रिया की भी जांची। एफएसओ ने बताया कि सैंपल से मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की टीम ने दीपावली से पहले प्रदेशभर से खाद्य पदार्थों के करीब सात सौ सैंपल जांच के लिए संकलित किए हैं। इन सैंपलों की जब तक रिपोर्ट आएगी, तब तक त्योहार को काफी दिन बीत चुके होंगे।

## दक्षिण उप चुनाव के मैदान पर 30 प्रत्याशी, चार ने नाम वापस लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में नाम वापसी के बाद अब 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। कुल 46 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें से 12 प्रत्याशियों का नामांकन जांच के दौरान निरस्त कर दिया गया था।

4 अन्य प्रत्याशियों ने नाम वापसी के दिन अपना नामांकन वापस ले लिया। जिन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है, उनमें जुगराज जगत, रवि भोई, महेंद्र कुमार बाघ और हैदर भाटी का नाम शामिल है। प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद जिला निर्वाचन आयोग ने प्रतीक चिन्ह आवंटन की कार्रवाई कर दी है। नामांकन दाखिले के बाद अधिकृत प्रत्याशियों पर पर्यवेक्षकों की पूरी नजर होगी। उनके द्वारा प्रचार के दौरान किए जाने वाले व्यय और अन्य की जानकारी उन्हें तीन चरणों में देनी होगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी प्रत्याशियों को चुनाव आचार संहिता के दायरे में रहकर चुनाव प्रचार करना होगा। 13 नवंबर को उपचुनाव की एक सीट के लिए मतदान होगा।




### टाउनहॉल में रहेगा मतदाता सुविधा केन्द्र

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के परिप्रेक्ष्य में टाउनहाल कलेक्टोरेट परिसर में मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसमें निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने की सुविधा रहेगी। यह 10, 11, 12 नवंबर को संचालित रहेगा, जिसका समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे रहेगा। इसके प्रभारी अधिकारी एओ लॉरी, रामनारायण वर्मा, अजय कुमार लहरी होंगे।

### 13 से 20 नवंबर तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 13 से 20 नवम्बर तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उपचुनाव के लिए 13 को प्रातः सात बजे से 20 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में उसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

## प्री-मैट्रिक में पसरा त्योहारी सन्नाटा, पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में सिर्फ एसआई के अभ्यर्थी ही ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपोत्सव की छुट्टी का असर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में देखने को मिल रहा है। ज्यादातर में त्योहारी अवकाश के कारण सन्नाटा देखने को मिला। प्रदेश के अलग-अलग जिले से आने वाले 4 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा हास्टल की सुविधा दी जाती है, अभी त्योहार के चलते ज्यादातर खाली हैं। कई छात्रावासों में सिर्फ एसआई भर्ती से जुड़े युवा बचे हैं। दूसरी तरफ अम्बेडकर अस्पताल से जुड़े मेडिकल कॉलेज के हास्टल में त्योहारी असर नहीं है। राजधानी में अलग-अलग जिले से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा 58 प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों का संचालन किया जाता है। इसमें शिक्षा के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को आवास और भोजन की सुविधा दी जाती है। हर साल की तरह इस पर्व में भी प्री-मैट्रिक छात्रावास लगभग खाली हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त विजय सिंह कंवर ने बताया आस-पास के जिलों से आकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी स्कूल की छुट्टी के बाद ही घर लौटना शुरू कर दिया था। अब लगभग सभी प्री-मैट्रिक हास्टल्स खाली हैं। वहीं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में सिर्फ वहीं छात्र-छात्राएं बची हैं, जिनका किसी तरह से एसआई भर्ती से सरोकार है। इनके अलावा लगभग सभी हास्टल में त्योहारी सन्नाटा है।

### मेडिकल कॉलेज के हास्टल में इस बार भी मनेगा त्योहार



फाइल फोटो

### अस्पताल में देंगे ड्यूटी इसलिए..

पं.जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में पीजी व इंटर्नशिप करने वालों के लिए मेडिकल कॉलेज के पास ही हास्टल का संचालन किया जाता है। इनमें रहने वाले ज्यादातर मेडिकल छात्र-छात्राओं में से कुछ एक लोग ही अवकाश पर हैं।अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक हर साल की तरह इस बार भी हास्टल में सैकड़ों पीजी व इंटर्नशिप से जुड़े मेडिकल स्टूडेंट्स दीपोत्सव मनाएंगे। इसके साथ ही त्योहारी ड्यूटी भी देंगे।



# टेस्ट रैंकिंग : बुमराह ने गंवाई बादशाहत, रबाडा बने वर्ल्ड नंबर-1 गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई



दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर शीर्ष गेंदबाज बन गए। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान शानदार लय में चल रहे दाएं हाथ के गेंदबाज रबाडा ने हाल में ही मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में नौ विकेट झटक कर इस प्रारूप में अपने 300 विकेट पूरे किए थे। दक्षिण अफ्रीका ने मीरपुर में खेले गए इस मैच को सात विकेट से जीता था।

## विकेट लेने में नाकाम

बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे में खेले गए भारत के दूसरे टेस्ट मैच में एक भी विकेट लेने नाकाम रहे थे। वह दो स्थान नीचे खिसककर तीसरे पायदान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड दूसरे स्थान पर हैं। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी दो स्थान के नुकसान के साथ चौथी रैंकिंग पर खिसक गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भी शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं। रावलपिंडी में हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली शीर्ष 10 में नए सदस्य है।



### शीर्ष बल्लेबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | जो रूट | इंग्लैंड | 903 |
| 2 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड | 813 |
| 3 | यशस्वी जायसवाल | भारत | 790 |
| 4 | हैरी ब्रूक | इंग्लैंड | 778 |
| 5 | स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 757 |



### शीर्ष गेंदबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | कगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 860 |
| 2 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 847 |
| 3 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 846 |
| 4 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 831 |
| 5 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 820 |



### शीर्ष ऑलराउंडर

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | रवींद्र जडेजा | भारत | 434 |
| 2 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 315 |
| 3 | मेहदी हसन | बांग्लादेश | 294 |
| 4 | शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 280 |
| 5 | जेसन होल्डर | वेस्टइंडीज | 270 |

## तीसरे स्थान पर यशस्वी

बल्लेबाजों की सूची में युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 और 77 रनों के योगदान के बाद एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। वह इस प्रारूप में भारत के शीर्ष रैंक के बल्लेबाज बने हुए हैं। विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत और विराट कोहली की बल्लेबाजी रैंकिंग में गिरावट आई है। पंत जहां पांच स्थान गिरकर 11वें स्थान पर हैं, वहीं कोहली छह स्थान फिसलकर 14वें स्थान पर हैं।

## जडेजा, अश्विन की धाक

भारत के रविंद्र जडेजा (नंबर एक) और अश्विन (नंबर दो) टेस्ट हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। बांग्लादेश के स्टार मेहदी हसन दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप



### ईश्वरन, नीतीश रेड्डी और प्रसिद्ध पर रहेगी नजर

**मैकाय।** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच गुरुवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में अभिमन्यु ईश्वरन, नीतीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। ईश्वरन, नीतीश और प्रसिद्ध को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में उनके प्रदर्शन पर विशेष निगाह रखेगी। इनमें ईश्वरन का प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि अगर कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों से पांच टेस्ट मैच की इस श्रृंखला के एक या दो मैच में नहीं खेल पाते हैं तो फिर इस 29 वर्षीय बल्लेबाज को पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है। ईश्वरन काफी अनुभवी बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभी तक 99 प्रथम श्रेणी मैचों में 7638 रन बनाए हैं जिसमें 27 शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं।

### भारत और मलेशिया में 18 को होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** नए मुख्य कोच मानोलो मार्केज की देखरेख में तीन मैच में जीत का स्वाद चखने में नाकाम रहीं भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 18 नवंबर को हैदराबाद में मलेशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की। एआईएफएफ ने पिछले महीने घोषणा की थी कि मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा लेकिन उन्होंने स्थान नहीं बताया था। उसने बुधवार को मैच एक दिन पहले करने के साथ आयोजन स्थल की भी घोषणा कर दी। भारतीय टीम फीफा की रैंकिंग में 125वें जबकि मलेशिया 133 वें पायदान पर है।

## टेस्ट : न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-2 से पिछड़ी भारतीय टीम

# स्पिनरों को जवाब देने भारतीय खिलाड़ियों ने की जमकर तैयारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-2 से पिछड़कर घरेलू श्रृंखला गंवा चुकी भारतीय टीम ने सटीक गेंदबाजी कर रहे मेहमान टीम के गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के प्रदर्शन सुधार के लिए जमकर पसीना बहाया। यहां तीसरे टेस्ट में भी स्पिन की अनुकूल पिच होने की चर्चा है। वानखेड़े स्टेडियम में नेट सत्र से पता चलता है कि शुक्रवार से शुरू हो रहे अंतिम टेस्ट से पहले टीम प्रबंधन कितना तत्पर है क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी बल्लेबाज इस टेस्ट श्रृंखला में अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

नेट सत्र से पहले उन्होंने मैदानकर्मियों को चार अभ्यास नेट पर अतिरिक्त सफेद लाइन खींचने के लिए कहा। ऐसा आम तौर पर इसलिए किया जाता है जिससे कि बल्लेबाजों को गेंद की लाइन और लेंथ की जानकारी रहे। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों ने सटीक लाइन और उछाल लेती गेंदों के खिलाफ घुटने टेके जबकि पुणे में दूसरे मुकाबले में बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर ने दो पारियों में 13 विकेट चटकाए।



### पिच स्पिन के अनुकूल

तो क्या मुंबई में वाकई स्पिन की अनुकूल पिच की संभावना है? हालांकि पिच पढ़ना आसान नहीं होता लेकिन संकेत इस ओर इशारा करते हैं। सुबह के समय पिच पर घास की अच्छी खासी परत थी लेकिन जल्द ही भारी रोलर से इसे नीचे गिरा दिया गया। ऐसा माना जाता है कि यह सतह से नमी सोख लेता है जिसे पिच पर, खास तौर पर बीच के हिस्से में चलाया गया। मैदानकर्मियों ने सतह पर पानी का हल्का छिड़काव किया और फिर थोड़ी देर के लिए हल्के रोलर का इस्तेमाल किया गया। सूरज की तपिश के बीच पिच को कवर से ढका गया।



### कोच गौतम मैच जीतने गंभीर

यह स्पष्ट है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर चाहते हैं कि उनके बल्लेबाज अंतिम टेस्ट में बेहतर तैयारी के साथ उतरें। भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने अपने खिलाड़ियों की परेशानियों पर कहा कि स्पिनरों के हाथों पर करीबी नजर रखना महत्वपूर्ण है। नायर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'आपको यह समझने की जरूरत है कि जब कुछ गेंद टर्न ले रही हों और तो कुछ गेंद सीधी जा रही हों तो यह आपके दिमाग से खेलती हैं। इस समय बल्लेबाज के लिए यह समझना बेहद महत्वपूर्ण होता है कि गेंद हाथ से कैसे छूट रही है, कौन सी गेंद सीधी जाएगी और कौन सी अधिक स्पिन होगी।'

### 25 नेट गेंदबाजों के साथ किया अभ्यास

भारत ने 25 नेट गेंदबाज बुलाए जिसमें स्थानीय स्पिनर और तेज गेंदबाजों का अच्छा मिश्रण था। इन्होंने सीनियर खिलाड़ियों को लगभगत तीन घंटे तक अभ्यास कराया। मोहम्मद सिराज सहित भारतीय टीम के लगभग प्रत्येक सदस्य ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की। सिराज कोहली के बल्ले से खेलने उतरे और कुछ बड़े शॉट लगाए।

## राहुल और शमी की होगी छुट्टी, रिटेंशन लिस्ट आज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन से पहले मेगा ऑक्शन होना है। यह नीलामी इसी साल नवंबर के आखिर या दिसंबर के शुरुआत में हो सकती है। मगर उससे पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन और रिलीज किए गए प्लेयर्स की लिस्ट बनाकर सौंपनी होगी। इसकी आखिरी तारीख आज (31 अक्टूबर) ही है। इसी दिन दीपावली का त्योहार भी है। बता दें कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में रिटेंशन को लेकर नए नियम जारी किए हैं। इसके मुताबिक, एक फ्रेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ी ही रिटेन कर सकती है। यदि कोई टीम 6 से कम खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उस स्थिति में फ्रेंचाइजी को ऑक्शन के दौरान राइट टू मैच कार्ड इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। रिटेन खिलाड़ियों की आधिकारिक लिस्ट सामने आने से पहले ही कयास लगाने शुरू हो गए हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो गुजरात टाइटन्स मोहम्मद शमी को छोड़ सकती है। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल नीलामी पूल में शामिल हो सकते हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

Appointment आवश्यकता

अन्य

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.(RO-750)

Property प्रापर्टी

जमीन

बेचना है
शंकर नगर मेन रोड पर 200 के फ्रंट के साथ लगभग 50,000 स्के.फिट कमर्शियल जमीन बेचना है
—इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें— एस. के. शर्मा 9425503284

क्लासीफाईड

बेचना है
एम्स से लगभग ½ कि.मी. की दूरी, मेनरोड पर 200 के फ्रंट के साथ लगभग 1,50,000 स्के.फिट कमर्शियल जमीन बेचना है
—इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें— एस. के. शर्मा 9425503284

जमीन उपलब्ध है- रायपुर से मात्र 11 किलोमीटर की दूरी पर मोतीपुर, महादेवघाट, पाटन रोड हाईवे पर सर्वसुविधायुक्त 25000 वर्गफुट जमीन प्राइम लोकेशन पर फार्महाउस बनाने हेतु उपलब्ध संपर्क करें- 9111555767, 9691637649 (RO-a)

प्लाट


प्लॉट बेचना है - वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। संपर्क करें- 9755607666.(RO-5979)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## रोनाल्डो पेनल्टी चूके, अल नासर सऊदी कप से बाहर

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मिली पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे अल नासर को अल तावौन से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा और उनकी टीम सऊदी अरब के घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट किंग्स कप से बाहर हो गई। पांच बार के बैलन डी'ओर विजेता रोनाल्डो ने लगभग दो साल पहले अल नासर के साथ अनुबंध किया था लेकिन वह अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। सऊदी अरब की प्रमुख नॉकआउट प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 चरण के मैच में अल तावौन ने 20 मिनट शेष रहते हुए वलीद अल अहमद के हेडर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त बना ली। अल अहमद की 95वें मिनट में की गई गलती से अल नासर को पेनल्टी मिल गई। रोनाल्डो ने अल नासर की तरफ से इससे पहले जो 18 पेनल्टी ली थी उन सभी को उन्होंने गोल में बदला था लेकिन इस बार उनका शॉट बार से टकरा गया। उनकी यह चूक टीम को महंगी पड़ी।



**बोपन्ना-एबडेन जीते :** पेरिस। भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और ऑस्ट्रेलिया की इस जोड़ी ने एटीपी 1000 प्रतियोगिता में मंगलवार को ब्राजील के मार्सेलो मेलो और और जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 से हराया।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

### // सर्व संबंधित को सूचना //

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा-संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स बुड़गहन लाईम स्टोन माईन प्रोजेक्ट (प्रो.- श्री विनोद शर्मा), ग्राम- बुड़गहन, तहसील - सिमगा, जिला - बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) स्थित खसरा क्रमांक - 171 एवं 172/1, कुल क्षेत्रफल - 1.092 हेक्टेयर में पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता – 14,125.45 टन प्रतिवर्ष, मेसर्स बुड़गहन लाईम स्टोन क्वारी (प्रो. - श्री आशीष अग्रवाल), ग्राम - बुड़गहन, तहसील - सिमगा, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित खसरा क्रमांक - 173, 174, 175 (पार्ट) एवं 176 (पार्ट), कुल क्षेत्रफल - 2.91 हेक्टेयर में प्रस्तावित चूना पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता - 25,020 टन प्रतिवर्ष, मेसर्स बुड़गहन लाईम स्टोन क्वारी (प्रो. - श्री आशीष अग्रवाल), ग्राम - बुड़गहन, तहसील सिमगा, जिला - बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक - 177 एवं 178, कुल क्षेत्रफल - 2.387 हेक्टेयर में पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता - 26,340 टन प्रतिवर्ष, मेसर्स आमाकोनी लाईम स्टोन माईन प्रोजेक्ट (प्रो.- श्री अशोक बाजपेयी), ग्राम - आमाकोनी, तहसील - सिमगा, जिला- बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) स्थित खसरा क्रमांक - 63 (पार्ट), 75, 76 एवं 78 (पार्ट), कुल क्षेत्रफल - 1.13 हेक्टेयर में प्रस्तावित चूना पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता - 8,185.5 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **संयुक्त लोक सुनवाई दिनांक 04/12/2024 को प्रातः 10:00 बजे से ग्राम बुड़गहन स्थित खसरा नंबर 874, 875, रकबा- 11.55 हेक्ट., तहसील- सिमगा, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में** नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम F. No. 22-25/2020-IA. III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वाईरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरश पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 2006 (यथा - संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.), कार्यालय कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत- सिमगा, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), कार्यालय सरपंच / सचिव, ग्राम पंचायत बुड़गहन, तहसील- सिमगा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), कार्यालय सरपंच / सचिव, ग्राम पंचायत आमाकोनी, तहसील - सिमगा, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड़ नं. - 2, टाटीबंध रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

भाजपा गठबंधन के 4, कांग्रेस गठबंधन के 11 प्रत्याशियों की घोषणा पर अब भी किंतु-परंतु

# नामांकन की समय सीमा खत्म होने के बाद भी थम नहीं रही खींचातानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गठबंधन की गांठें दोनों तरफ खुलने का नाम नहीं ले रहीं। लगभग दर्जन भर सीटों पर भाजपा, शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के बीच कितनी किसको, इस पर फार्मूला नहीं तय होने से सभी ने अपने अपने उम्मीदवारों को फार्म भरने को कह दिया। हालात ये हो गये कि अजित पवार के खास माने जाने वाले पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने मनखुड विधानसभा से दो फार्म भर दिये हैं एक निर्दलीय की हैसियत से दूसरी अजित पवार की राकांपा के प्रत्याशी के बतौर। जब कि भाजपा नेतृत्व भ्रष्टाचार के उनके केस की वजह से गठबंधन का उम्मीदवार नहीं बनाने की हिदायत अजित पवार को दी थी।

**महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक कांग्रेस पार्टी में असंतोष**




## ये है सूरतेहाल

खींचातानी में हालात ये हो गये कि चुनाव के लिए नामांकन की समय सीमा खत्म होने के बाद भी प्रत्याशी कई सीटों पर दोनों गठबंधनों के अब तक क्लियर नहीं हैं। भाजपा, राकांपा, शिंदे शिवसेना की महायुति अब तक 4 सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पायी है वहीं कांग्रेस, उद्धव की शिवसेना और शरद पवार की राकांपा के हिस्से 11 सीटों पर औपचारिक घोषणा बाकी है। अभी तक भाजपा ने 152, अजित पवार की राकांपा से 52, शिंदे की शिवसेना के 80 प्रत्याशियों की घोषणा 288 की विधानसभा चुनाव के लिए कर दी गई है जबकि कांग्रेस की ओर से 103, उद्धव की शिवसेना की ओर से 87 और शरद पवार की राकांपा ने 87 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

## अघाड़ी में सबसे बड़ा पेंच



राकांपा दिग्गज शरद पवार ने ये भी साफ कर दिया कि 87 का आंकडा उनकी तरफ से अंतिम है। जाहिर है अब जो फैसला शेष 11 सीटों के लिए होना है वो उद्धव की शिवसेना और कांग्रेस के बीच होना है। इसमें सबसे बडा पेंच ये है कि कुछ सीटें सपा को देना है या नहीं? उप्र में सभी 9 सीटों पर हो रहे उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी ने एक भी प्रत्याशी नहीं उतारे जब कि प्रदेश कांग्रेस की तरफ से 5 सीटों की तैयारी थी उसी की एवज में शीर्ष कांग्रेस का नेतृत्व सपा प्रमुख अखिलेश यादव से महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस को साथ देने की मांग परदे के पीछे कर रहे हैं।

## राहुल ने भी जताई थी नाराजगी



सीट शेयरिंग को लेकर महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक कांग्रेस पार्टी में असंतोष की स्थिति है। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी भी इस बात से नाराज है कि साथी दलों के साथ कांग्रेस पार्टी उचित टिकट की हिस्सेदारी हासिल नहीं कर सकी। यही बात मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने खुलेआम कहा। उन्होंने कहा, मुंबई की 36 सीटों में से कांग्रेस पार्टी लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 18 सीटों की मांग रखी थी मगर शिवसेना के दबाव में 10 सीटों पर ही हामी भर दी, जो कतई उचित नहीं। जब कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना का कहना है कि मुंबई की 6 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने प्रत्याशी उतारे थे जिसमें 2 पर विजय हासिल हुई उस के हिसाब से 10 विधानसभा सीटों की हिस्सेदारी पर्याप्त दी गइर है। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र जीतने की उम्मीद पाले विपक्षी दलों ने पूरी ताकत झोंकी हुई लेकिन कार्यकर्ताओं और नेताओं में टिकट बंटवारे से उत्पन्न हुई असमंजस की स्थिति से मायूसी छायी हुई है। विपक्षी गठबंधन से बहुत बेहतर ढंग से टिकट बंटवारे के मुद्दे पर आपसी खींचतान को नियंत्रित करने में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व सफल रहा है।

## सलमान को फिर मिली जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को मंगलवार को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। मंगलवार सुबह मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा मैसेज मिला. मैसेज भेजने वाले ने 2 करोड़ रुपए की मांग की है। मैसेज में धमकी दी गई है कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो वह सलमान खान को जान से मार देंगे। इस मामले में वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 354(2) और 308(4) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आपको बताते चलें कि इसी महीने की शुरुआत में सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर भी इसी तरह के धमकी भरे मैसेज आए थे, जिसमें सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई थी। बॉलीवुड स्टार को पिछले कुछ महीनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

## रेणुका हत्या कांड : एक्टर दर्शन को सशर्त जमानत



**बंगलुरू।** रेणुका स्वामी की हत्या के आरोप में पिछले पांच महीने से जेल में बंद अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को दिवाली पर तोहफा मिला है। दर्शन को कर्नाटक हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। दर्शन के स्वास्थ्य मुद्दे को ध्यान में रखते हुए छह सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत दी गई है और न्यायालय ने अंतरिम जमानत के लिए पर्याप्त शर्तें लगाई हैं। इससे पहले निचली अदालत में दायर दर्शन की जमानत अर्जी खारिज कर दी गई थी। बाद में दर्शन के वकील सीवी नागेश ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की। दर्शन की स्वास्थ्य समस्या को देखते हुए हाई कोर्ट में जमानत देने का अनुरोध किया गया था. दर्शन की पीठ में गंभीर दर्द है और उन्हें सर्जरी की जरूरत है। दर्शन के वकील ने डॉक्टर द्वारा दी गई रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी कि इलाज में देरी होने पर उन्हें स्ट्रोक होने का डर है।

### महाराष्ट्र में एमवीए के बाद महायुति में भी घमासान

# भाजपा, एनसीपी (अजित) के बीच दरार सोमैया ने नवाब मलिक को बताया आतंकी

*महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही। वैसे-वैसे राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज होती जा रही है। महा विकास अघाड़ी के बाद अब महायुति में भी सबकुछ ठीक नहीं लग रहा है। नवाब मलिक को मानखुर्द शिवाजी नगर से टिकट दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच तल्खी बढ़ गई है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने बुधवार को नवाब मलिक को आतंकी करार दिया।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अजित पवार पर तीखा हमला बोलते हुए सोमैया ने कहा, 'नवाब मलिक आतंकवादी है, उन्होंने देश को टुकड़ों में तोड़ने की कोशिश की। वह दाऊद के एजेंट हैं। उन्हें टिकट देकर अजित पवार की एनसीपी ने देश के साथ धोखा किया है। सुरेश कृष्णा पाटिल (बुलेट पाटिल) महायुति से एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना के उम्मीदवार हैं। उन्होंने कल से अपना चुनाव प्रचार शुरू किया है।' बता दें कि नवाब मलिक ने मंगलवार को इस सीट से नामांकन दाखिल किया था। इससे महायुति के सामने खासकर भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। क्योंकि महायुति की तरफ से शिवसेना के पाटिल को पहले ही उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है। अणुशक्ति नगर से दो बार विधायक रहे नवाब मलिक ने यह सीट अपनी बेटी सना के लिए छोड़ दी गै। सना एनसीपी उम्मीदवार के रूप में राजनीति में कदम रख रही हैं।

**महाराष्ट्र में 288 सीटों पर एक ही चरण में 20 नवंबर को वोटिंग, नतीजे 23 को**



### हम नवाब मलिक का समर्थन नहीं करेंगे : मुंबई भाजपा अध्यक्ष

भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने मलिक की उम्मीदवारी के खिलाफ बयान दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद मलिक ने नामांकन दाखिल कर दिया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है। शेलार ने कहा था, 'हम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े किसी भी व्यक्ति को टिकट देना स्वीकार नहीं करेंगे। हम नवाब मलिक का समर्थन नहीं करेंगे और हमारा रुख अलग होगा।' हालांकि, सीनियर भाजपा नेता उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से इस मामले पर अब तक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

### वो सीटें जहां गठबंधन दलों ने दिए एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार

- मिरज विधानसभा सीट- यहां से उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने तानाजी सातपुते को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने मोहन वनखंडे को मैदान में उतारा है।
- सांगोला विधानसभा सीट- यहां से शिवसेना (यूबीटी) ने दीपक आबा सालुंखे पर भरोसा जताया है। वहीं शेतकरी कामगार पक्ष ने बाबासाहेब देशमुख को टिकट दिया है।
- दक्षिण सोलापुर विधानसभा सीट- कांग्रेस ने दिलीप माने पर दांव लगाया है तो वहीं उद्धव ठाकरे ने अमर पाटील को टिकट दिया है।
- पंढरपूर से भागीरथ भालके कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे हैं तो वहीं शरद पवार ने अनिल सावंत को उम्मीदवार घोषित किया है।
- परांडा विधासभा सीट- उद्धव गुट ने रणजीत पाटील पर भरोसा जताया है तो वहीं शरद पवार गुट ने राहुल मोटे को टिकट दिया है।
- दिग्रस सीट- पवन जैस्वाल शिवसेना (यूबीटी) तो माणिकराव ठाकरे कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।
- अणुशक्तीनगर विधानसभा सीट- अजित पवार ने नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को मैदान में उतारा है। यहां से एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने अविनाश राणे को टिकट दिया है।
- वरुड मोर्शी सीट- देवेंद्र भुयार एनसीपी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे तो विरुद्ध उमेश यावलकर बीजेपी के उम्मीदवार है।
- मानखुर्द शिवाजी नगर सीट- अजित पवार ने नवाब मलिक तो शिवसेना शिंदे से सुरेश पाटील को टिकट दिया है।

### महाराष्ट्र में मोदी 8, योगी 15, शाह 20 रैली को करेंगे संबोधित

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक माहौल अपने पक्ष में करने के लिए कमर कस ली है। पार्टी ने चुनाव प्रचार की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। इसे जमीन पर उतारने के लिए कई बड़े चेहरों को मैदान में उतारने का फैसला किया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई बड़े चेहरे भाजपा के पक्ष में प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री पश्चिम महाराष्ट्र, विदर्भ, मुंबई-कोंकण, उत्तरी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में कुल आठ रैलियों को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र में सर्वाधिक चुनावी जनसभा आयोजित करने की जिम्मेदारी देवेन्द्र फडणवीस, नितिन गडकरी और चंद्रशेखर बावनकुले के कंधों पर होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी शीर्ष नेतृत्व ने महाराष्ट्र के चुनावी रण में उतारने का फैसला किया है। वह कुल 15 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह 20, नितिन गडकरी 40, देवेंद्र फडणवीस 50, चन्द्रशेखर बावनकुले 40 और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 रैलियों को संबोधित करेंगे।

*हाईकोर्ट ने कहा- ऐसे कृत्य से अपराध महिमा मंडित*

## 'लॉरेंस को स्टूडियो जैसी सुविधा' पंजाब पुलिस को कड़ी फटकार

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जेल से दिये गए इंटरव्यू के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने कहा है कि एसआईटी ने जो कैंसिलेशन रिपोर्ट दायर की है, वह पुलिस और गैंगस्टर के बीच सांठगांठ को लेकर संदेह पैदा करती है। अदालत ने लॉरेंस के 2023 में बठिंडा जेल में रहने के दौरान निजी चैनल को दिये इंटरव्यू की नए सिरे से जांच करने का आदेश भी दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा,'पुलिस ने अपराधी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल की अनुमति दी और इंटरव्यू के लिए स्टूडियो जैसी सुविधा दी, जो अपराध को महिमामंडित करता है। इससे अपराधी तथा उसके सहयोगियों के जबरन वसूली सहित दूसरे अपराधों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।'

**बेत लाहिया में आवासीय भवनों पर भीषण बमबारी**

## गाजा में इजरायल ने एक ही हमले में बिछा दीं 100 से ज्यादा लाशें

एजेंसी ▶▶| गाजा

हमास के गढ़ गाजा पर इजरायल के भीषण हमले जारी हैं। इजरायल ने गाजा के बेत लाहिया में आवासीय भवनों पर भीषण बमबारी में 100 से अधिक लोगों को मार डाला। देर रात हुए हमले में लोग सोते-सोते ही जिंदा दफन हो गए। गाजा में पिछले तीन महीने के भीतर यह सबसे घातक हमला है। इजरायल के एक ही हमले में लाशों का अंबार देखकर अमेरिका भी सहम गया। अमेरिका ने इस हमले को भयावह कहा है।



इजरायल ने लगातार दो दिन यहां बमबारी की और सैकड़ों लाशें बिछा दी। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि मरने वालों में कम से कम 25 बच्चे थे। जीवित लोगों की तलाश की जा रही है। मरने वालों की संख्या 110 पार कर गई है।

## स्पेन में अचानक आई बाढ़, 63 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

स्पेन के प्राधिकारियों ने बुधवार को बताया कि देश के पूर्वी हिस्से में अचानक आयी बाढ़ में 63 लोगों की मौत हो गयी, कई कारें बह गयीं, गांवों में पानी भर गया तथा रेल लाइन व राजमार्ग अवरुद्ध हो गए।

पूर्वी वेलेंशिया प्रांत में आपातकालीन सेवाओं ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की। स्पेन के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में मंगलवार को मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गयी। रेल प्राधिकारियों ने बताया कि मलागा के समीप एक रेलगाड़ी पटरी से उतर गई जिसमें 300 लोग सवार थे। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ है। वेलेंशिया शहर और मैड्रिड के बीच हाई-स्पीड रेल सेवा बाधित है। स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने कहा कि कई शहर बाढ़ से प्रभावित हैं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com